आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 223, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14
लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## सोनिया-राहुल ने ही रची थी 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश

### नेशनल हेराल्ड केस : ईडी के दावे से मां-बेटे की बढ़ीं मुश्किलें

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी 2,000 करोड़ रुपये की कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्ति हड़पना चाहते थे। यह कंपनी नेशनल हेराल्ड अखबार की प्रकाशक है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने नेशनल हेराल्ड मामले में संज्ञान के बिंदुओं पर दलीलें सुन रहे थे।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने कहा कि यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी बनाने की साजिश रची गई थी, ताकि एजेएल की संपत्ति हड़पी जा सके। एजेएल ने करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से 90 करोड़ रुपये कर्ज लिए थे। यंग इंडियन में सोनिया और राहुल के पास 76 प्रतिशत शेयर थे। राजू ने कहा कि एजेएल मुनाफा नहीं कमा रही थी, लेकिन उसके पास 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति थी। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने के लिए यंग इंडियन का निर्माण किया गया।



सोनिया और राहुल गांधी इस 2,000 करोड़ रुपये की कंपनी को अपने कब्जे में लेना चाहते थे। राजू ने कहा कि यंग इंडियन के निदेशक के रूप में राहुल की नियुक्ति के छह दिनों के भीतर ही इसने एजेएल को ऋण चुकाने या इसे इक्विटी में बदलने के लिए एक प्रतिवेदन भेजा। राजू ने कहा कि राजनीतिक दल समाचार पत्र और चैनल खरीदते हैं। मुख्य सवाल यह है कि वे मूंगफली के दाम में संपत्ति कैसे हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एजेएल का अधिग्रहण यंग इंडियन ने किया था।

#### धनशोधन के अंतर्गत दाखिल है चार्जशीट

ईडी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने गांधी परिवार, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर एजेएल से संबंधित 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ीपूर्ण अधिग्रहण पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। आरोप पत्र में सोनिया एवं राहुल, दुबे, पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम है।

## पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होगा नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सूचना के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

## हवा में उखड़ा स्पाइसजेट के विमान की खिड़की का फ्रेम

**मुंबई।** गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइंस की तरफ से बुधवार को कहा गया कि अगले (पुणे) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि क्यू400 विमान में से एक की कॉस्मेटिक (आंतरिक) खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि पूरी उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी और समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से होगा शुरू

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त को समाप्त होगा। सत्र पहले निर्धारित कार्यक्रम की तुलना में एक सप्ताह अधिक समय तक चलेगा, जिसका मतलब है कि इस दौरान काफी कामकाज होगा।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सत्र आहूत करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

- बच्चों की याचिका पर लखनऊ बेंच आज करेगी सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है।

## दोगुना किराया ले सकेंगी कैब कंपनियां

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है।

गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने

### पीक ऑवर में सरकार ने दी छूट

'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा।

## शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना (72) को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग

### अदालत की अवमानना में दोषी

की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत की समीक्षा के बाद आदेश पारित किया। ऑडियो क्लिप में हसीना गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील अकंद बुलबुल से कह रही हैं कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।






## आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा शाम 4 बजे से।
- शिया समुदाय की ओर से गढ़ैया के इमामबाड़ा से मेहंदी के जुलूस रात 9 बजे।
- बीडीए कार्यालय डोहरा रोड पर प्राधिकरण दिवस सुबह 10 बजे से।

# निर्माण सामग्री की कीमतों में उछाल से घर बनाने की लागत बढ़ी

## बारिश के चलते बालू खनन बंद होने और ईंट उत्पादन रुकने से कीमतों में हुआ इजाफा, सरिया और सीमेंट के दामों में भी आया तेज उछाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** निर्माण सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों से घर बनाना महंगा हो गया है। बीते तीन माह के भीतर निर्माण सामग्री की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ रहा है जो अपने सपनों का घर बना रहे हैं या फिर बनाने की योजना बना रहे हैं।



ग्रीन पार्क के पास रोड किनारे लगा मोरंग का ढेर। ● अमृत विचार

इधर, बारिश के मौसम में बालू खनन बंद होने और ईंट उत्पादन रुकने से कीमतें और चढ़ गई हैं, जिससे आमजन के साथ-साथ ठेकेदार और मकान समेत अन्य निर्माण करा रहे लोग भी परेशानी में हैं।

बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करने वाले व्यापारियों की मानें तो निर्माण सामग्री के दाम तो लगातार बढ़ ही रहे थे, लेकिन अब मानसून की दस्तक के साथ ही बालू और गिट्टी के दाम तेजी से बढ़े हैं। सीमेंट और सरिया के दाम में भी इजाफा हुआ है। हालांकि कुछ राहत ईंट वालों से है क्योंकि अभी तो दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन भट्ठा मालिक दाम बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में अगर ईंट के दाम में बढोत्तरी की जाती है तो निर्माण कराना और भी महंगा हो जाएगा।

### बाजार में 20 दिन पहले और आज का रेट

| सामान | 20 दिन पहले | अभी |
|---|---|---|
| मोरंग बालू | 5500 रुपये ट्राली | 6000 रुपये ट्राली |
| गिट्टी | 7500 रुपये ट्राली | 8000 रुपये ट्राली |
| सरिया | 5500 रुपये क्विंटल | 6500 रुपये क्विंटल |
| सीमेंट | 380 रुपये बोरी | 400 रुपये बोरी |

बारिश की वजह से एक तो बिक्री बंद हो गई है। साथ ही 15 जून से खदान बंद हो गई हैं। जो अक्टूबर तक बंद रहेगी। इसके कारण निर्माण सामग्री के दामों में अंतर दिखने लगा है। वर्तमान में लालकुआ में खदान से गाड़ियों पर लोडिंग भी नहीं हो पा रही है। जैसे ही यह खुलेगा फिर सबकुछ सामान्य हो जाएगा।
**-गौरव मिश्रा**, थोक व फुटकर विक्रेता, नकटिया

अभी तक मानसून को दस्तक दिए कुछ ही दिन हुए हैं। सरिया, सीमेंट के साथ बालू के दामों में और इजाफा होने की उम्मीद है। सरिया और सीमेंट बरेली में दूसरों राज्यों से आता है। ईंट भट्ठा वालों से राहत है, लेकिन बारिश की वजह से हुए नुकसान की भरपाई के लिए वह भी दाम बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।
**-राहुल गुप्ता**, थोक व फुटकर विक्रेता, पीलीभीत रोड

## एक नजर

### चार दिन पहले एसीएम बनाईं पीसीएस विदुषी अब बनीं आंवला एसडीएम

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने तबादला होकर आए दो पीसीएस अफसरों को जिले में तैनाती दे दी है। उन्होंने पीसीएस विदुषी सिंह को पहले एसीएम प्रथम का चार्ज सौंपा लेकिन चार दिन बाद ही उन्हें आंवला एसडीएम की जिम्मेदारी दे दी। विदुषी सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पीसीएस आलोक कुमार को अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम (एसीएम) और एसीएम द्वितीय की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं एसडीएम न्यायिक बहेड़ी का चार्ज संभाल रहे पीसीएस राम जनम यादव को एएसडीएम सदर का चार्ज सौंपा है, जबकि एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव को एसडीएम न्यायिक का भी कार्यभार सौंपा है।

### बिना फिटनेस और बीमा के चल रहे छह स्कूली वाहन सीज

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को स्कूली वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना फिटनेस और बीमा के चल रहे छह स्कूली वाहनों को सीज किया और 15 के चालान किए। पीटीओ रमेश चंद्र प्रजापति ने बुधवार को टीम के साथ बहेड़ी और देवरनियां क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा समाप्त मिलने पर एक स्कूल बस को सीज किया गया। वहीं दूसरे प्रदेश की एक टूरिस्ट बस बिना कर भुगतान किए हुए सड़क पर चल रही थी। इसके अलावा चार निजी वैन से स्कूली बच्चों का ले जाया जा रहा था, जिसमें तीन वैन को सीज किया गया, जबकि एक चालान किया गया। वहीं एक बस को सीट बढ़ाकर और रंग बदलकर चलाया जा रहा था। उसका भी चालान किया गया। वहीं बिना रिफ्लेक्टर संचालित बस का चालान किया गया।

# बारिश में छलनी हो रहीं घटिया निर्माण सामग्री वाली सड़कें

## बारिश की शुरुआत में ही खुल गई पोल, गारंटी की अवधि में ही टूट रहीं सड़कें, हर साल कराई जा रही सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारिश की शुरुआत के साथ ही शहर की सड़कें छलनी होने लगी हैं। इसके कारण गारंटी अवधि पर सवाल खड़ा हो रहा है। कई जगहों पर सड़कें गारंटी अवधि में ही टूट जा रही है। साथ ही पैचवर्क की भी पोल खुल रही है। पैचवर्क में इस्तेमाल तारकोल, सीमेंट और बजरी पानी में बह गए हैं। सबसे गंभीर बात तो यह है कि सिटी स्टेशन के सामने वाली सड़क एक बार फिर से छलनी हो गई है, जबकि सड़क पर दो साल के भीतर दो बार मरम्मत का काम हो चुका है। इससे सड़कों के निर्माण और मरम्मत में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगने लगा है।



पुलिस लाइन रोड पर केबल डालने के लिए खोदी गई सड़क के धंसने से हुआ गहरा गड्ढा। ● अमृत विचार

- **सिटी स्टेशन के सामने समेत कई सड़कें हो गईं बुरी तरह छलनी**
- **सड़कों के निर्माण में लगी सामग्री की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल**

बीते सप्ताह भर में हुई बारिश ने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। हैरानी की बात यह है कि कई सड़कें तो हाल ही में बनी थीं और अब उनमें दरारें, उखड़ती परतें और जलभराव हो गया है। सीवर लाइन डालने के बाद जल निगम ने सिटी स्टेशन के सामने की सड़क बनाई थी। ठेकेदारों को सड़क की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पांच साल की गारंटी अवधि देने की शर्तों पर काम सौंपा गया था, लेकिन सड़क दो साल में ही खराब हो गई। पीडब्ल्यूडी ने पिछले साल लाखों रुपये खर्च सड़क पर पैचवर्क का काम कराया, लेकिन बारिश की शुरुआत में सिटी स्टेशन रोड पूरी तरह से छलनी हो गई है। सड़क उधड़ गई है।

खुर्रम गौटिया मार्ग भी गारंटी अवधि में टूट गया है। गांधी उद्यान के पास बड़ा गड्ढा हो गया तो किसी तरफ पैचवर्क कर काम चलाया जा रहा है। पुराने शहर में जगतपुर चौराहे की सड़क पर गहरे गड्ढे हैं। इनको भरने के लिए नगर निगम ने यहां ईंट-पत्थर डलवा दिए हैं। इसी तरह चक महमूद की सड़क भी खस्ता हाल है। सेटेलाइट बस अड्डे से कटरा चांद खां को जाने वाली आरसीसी सड़क खराब हो गई थी, इस पर मरम्मत का काम किया गया है। इन सभी के बावजूद नगर निगम के अधिकारी गारंटी की शर्तें लागू कराने की कार्रवाई अक्सर ढीली पड़ जाती है और ठेकेदार बच निकलते हैं।

### गड्ढे खोदकर भूल गए भरना, हो रहे जानलेवा

नगर निगम ने विभिन्न जगहों पर सीवर लाइन और केबल आदि डालने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। काम समाप्त होने के बाद इन गड्ढों को ठीक से भरा नहीं गया है। जरा सी बारिश में इन गड्ढों को की मिट्टी धंस गई है, जिससे ये गड्ढे जानलेवा हो गए हैं। इन गड्ढों में गिरकर लोग आए दिन घायल हो रहे हैं। विभिन्न वार्डों और सड़कों के किनारे सीवर लाइन, बिजली, दूर संचार कंपनियों ने केबल डालने गड्ढे खोद हैं। जो बारिश के दिनों में बड़ा आकर ले चुके है। इन गड्ढों से सटकर हर रोज हजारों की संख्या में लोगों आना-जाना होता है। अगर थोड़ी सी चूक हो गई तो राहगीर हादसे का शिकार हो सकते हैं। सबसे ज्यादा खतरा उन जगहों पर है, जहां पर बारिश के समय पानी भर जाता है और बिजली भी गुल हो जाती है। डेलापीर क्षेत्र के नूरी मस्जिद रोड पर सीवर लाइन डालने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। यहां पर मिट्टी से इन्हें जैसे-तैसे भरा गया था, जहां बारिश में मिट्टी धंस गई है, जिससे हमेशा हादसों का खतरा बना रहता है। पुलिस लाइन रोड पर बिजली का केबल डालने के लिए खोदे गड्ढों से हादसा हो सकता है। इस मार्ग पर चौपला तक कई जगहों पर गड्ढे हो गए और सड़क भी धंस गई है।



सिटी स्टेशन रोड पर हो गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे। ● अमृत विचार



डेलापीर में नूरी मस्जिद के पास बरसात में धंसी सड़क। ● अमृत विचार




बिजली की केबल डालने के बाद छोड़ी गई सड़क का हाल। ● अमृत विचार

### दिन में चटख धूप और उमस ने किया बेहाल, बारिश भी हुई

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। बुधवार को दिन की शुरुआत चटख धूप से हुई मगर दोपहर बाद करीब 20 मिनट झमाझम बारिश हुई। हालांकि कुछ देर बाद बादल छंटने के साथ ही फिर तेज धूप खिलने से उमस बढ़ गई। मौसम विभाग ने दो दिन बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

- **अधिकतम तापमान 34.9 और न्यूनतम 25.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड**

आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम 34.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री की गिरावट के साथ 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान सात मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। हवा में नमी सुबह 71 प्रतिशत और शाम को 85 प्रतिशत दर्ज की है।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शुक्रवार और शनिवार को को चेतावनी नहीं है। इसके बाद रविवार और सोमवार को फिर बारिश का येलो अलर्ट है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 28-32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20-23 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRTT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


### हाउस टैक्स पर 10 प्रतिशत की छूट को बढ़ाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** हाउस टैक्स पर 10 प्रतिशत की छूट 30 जून को समाप्त हो गई है। इंद्रानगर पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन देकर छूट की तिथि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि साफ्टवेयर और पाश मशीन में गड़बड़ी होने के कारण काफी संख्या में लोग छूट का फायदा उठाने से वंचित रह गए हैं। अधिकांश लोगों के स्वकर फार्मों में सुधार नहीं किया गया है। संपत्तियों के संबंध में काफी त्रुटियां आ रही है। पिछले डिमांड पर वर्तमान का ब्याज लग कर आ रहा है। मांग की है कि 10 प्रतिशत की छूट की तिथि को बढ़ाया जाए।

# ग्रेटर बरेली और नाथ धाम टाउनशिप बनेंगी सेटेलाइट सिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली और नाथ धाम टाउनशिप को सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने का खाका तैयार किया है। इसका मॉडल शासन को भेजा जा चुका है। अधिकारियों को भरोसा है कि शासन से प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। नई टाउनशिप से शहर का तेजी से सुनियोजित विकास किया जा सकेगा।

- **बरेली विकास प्राधिकरण ने नई टाउनशिप का मॉडल बनाकर शासन को भेजा**

बीडीए ने सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए टाउनशिप मॉडल पर काम कर रहा हैं। इसके लिए तैयार किए गए विजन बरेली 2051 का कांसेप्ट प्लान और मॉडल शासन को भेजा गया है। इसके तहत टाउनशिप में छह से आठ जोन बनाए जाने की योजना है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में आधुनिक सुविधाएं अस्पताल, पार्क, मॉल, शॉपिंग काम्पेक्स, जॉगिंग ट्रैक, जिम और खाने-पीने की दुकानों भी विकसित की जाएंगी। सभी जोन को अनुमानित जनसंख्या के हिसाब से सुविधा देने की कार्ययोजना बनाई गई है। इतना ही नहीं कई सरकारी आफिसों को भी इन्हीं टाउनशिप में शिफ्ट करने की तैयारी है।

### मेट्रो रेल से जोड़ने की योजना

बीडीए आने वाले समय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। जिन जगहों पर बड़ी आबादी के लिए आवासीय और व्यावसायिक भवन बनाए जा रहे हैं उन क्षेत्रों में मेट्रो की सुविधा के विकास को लेकर पहले से ही तैयारी की जा रही है। ट्रैफिक मोबिलिटी प्लान और राइट्स की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आबादी बढ़ने के साथ ही वाहनों की संख्या बढ़ेगी, ऐसे में योजना में इसका भी खाका खींचा गया है।

नई टाउनशिप को लेकर प्राधिकरण तेजी से काम कर रहा है। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया होनी है। सुनियोजित विकास के साथ सेटेलाइट टाउनशिप को विकसित किया जाएगा।
**-एपीएन सिंह**, अधिशासी अभियंता, बीडीए

# 46 साल बाद बदले राजकीय आवासों के डिजाइन, अधिक सुविधाएं भी

## टाइप-1 से लेकर टाइप-7 के कुर्सी क्षेत्रफल, ड्राइंग डिजाइन एवं आवंटन की पात्रता को मंजूरी मिली

राकेश शर्मा, बरेली

**अमृत विचार :** रहन-सहन की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने राजकीय आवासों के डिजाइन के साथ ही आवंटन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब अधिकारी-कर्मचारियों को सरकारी आवास में कई अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी। 1979 में लागू हुए शासनादेश में आवासों के टाइप-1 से लेकर टाइप-7 के कुर्सी क्षेत्रफल, ड्राइंग डिजाइन एवं आवंटन की पात्रता में संशोधन किया गया है। राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान की ओर से प्रदेश के मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ही सभी विभागों के अध्यक्षों को शासनादेश भेजा गया है।

- **रहन-सहन की बदलती जरूरतों को ध्यान में रख अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बनाए जाएंगे सुविधायुक्त आवास**



नवीन आवास श्रेणी में टाइप-1 में लेवल-1, 1800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को एक ड्राइंग रूम, एक बेडरूम, एक किचन, एक टॉयलेट, एक स्टोर, एक यूटिलिटी बालकनी, एक बालकनी, सरफेस पार्किंग वाला आवास, टाइप-2 में लेवल 2-1900, 3-2000, 4-2400 व 5-2800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से एक बेडरूम अतिरिक्त होगा। टाइप-3 में लेवल-6-4200, 7-4600 व 8-4800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से सह डायनिंग, एक बेडरूम और एक टॉयलेट अतिरिक्त होगा। टाइप-4 के लेवल 9, 10, 11 के 5400-6600 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 के मुकाबले में दो बेडरूम, दो टॉयलेट, दो बालकनी, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम अतिरिक्त मिलेगा। टाइप-5 के लेवल में 12-7600, 13-8700 व 13 ए-8900 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से आफिस गेस्ट रूम, सह डायनिंग, दो बेडरूम, तीन टॉयलेट, दो बालकनी, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम अतिरिक्त मिलेगा।

| आवास श्रेणी | कुर्सी क्षेत्रफल (1979) | कुर्सी क्षेत्रफल (संशोधित) |
|---|---|---|
| टाइप-1 | 34.20 वर्ग मीटर | 55 वर्ग मीटर |
| टाइप-2 | 57.70 वर्ग मीटर | 78 वर्ग मीटर |
| टाइल-3 | 79 वर्ग मीटर | 115 वर्ग मीटर |
| टाइप-4 | 178.55 वर्ग मीटर | 186.50 वर्ग मीटर |
| टाइप-5 | 255.40 वर्ग मीटर | 254 वर्ग मीटर |
| टाइप-6 | (पहले लागू नहीं) | 381 वर्ग मीटर |
| टाइप-7 | (पहले लागू नहीं) | 560 वर्ग मीटर |

सरकारी आवासों के क्षेत्रफल और डिजाइन में संशोधन का शासनादेश आ गया है, प्रत्येक श्रेणी के आवासों में आधुनिक जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बदलाव किए हैं। भविष्य में सरकारी आवासों के निर्माण में इन मानकों का इस्तेमाल किया जाएगा।
**-अजय कुमार**, चीफ इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी बरेली

### निदेशक, प्रोफेसर या वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को ये सुविधाएं मिलेंगी

आवास श्रेणी में टाइप-6 में लेवल 14-10000 व 15-67000-79000 वेतन ग्रेड वाले अधिकारियों को सुविधायुक्त आफिस, एक ड्राइंग रूम, एक लिविंग हाल, सह डायनिंग, चार बेडरूम, एक किचन, चार टॉयलेट, दो स्टोर रूम, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम व एक गैराज की सुविधा मिलेगी। जबकि टाइप-7 में लेवल 16-75000-80000 और 17-80000 वेतन ग्रेड (निदेशक, प्रोफेसर या वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों) के लिए सुविधायुक्त ऑफिस, एक ड्राइंग रूम, एक लिविंग हाल सह डायनिंग, पांच बेडरूम, एक किचन, छह टॉयलेट, एक स्टोर, दो सुविधायुक्त सर्वेंट रूम व दो गैराज की सुविधा मिलेगी।

卐 पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## ठगी के एक लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

**अमृत विचार :** बारादरी थाना साइबर हेल्प डेस्क ने महिला के एक लाख रुपये उसे वापस दिला दिए। पीड़िता ने पुलिस से ऑनलाइन गलत ट्रांजेक्शन होने की शिकायत की थी। 17 जून को रुद्राक्ष अपार्टमेंट निवासी पूजा तिवारी ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत की थी कि गलत ट्रांजेक्शन होने की वजह से उसके खाते से एक लाख रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। शिकायत मिलने के बाद साइबर हेल्प डेस्क सक्रिय हुई और कोटक महिंद्रा बैंक से संपर्क कर संपूर्ण धनराशि पूजा तिवारी के खाते में वापस करा दी।

# तेज हवा के साथ बारिश में ब्रेकडाउन से बिजली गुल

## मिशन, सीबीगंज, सिविल लाइंस और कुतुबखाना में रही दिक्कत, गर्मी में बिजली न होने से लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुधवार को भी फेस नहीं आने और लो वोल्टेज की रही समस्या

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों को बिजली संकट से भी जूझना पड़ रहा है। मंगलवार रात तेज हवा और बारिश के बाद कई सब स्टेशन पर ब्रेकडाउन होने से बिजली गुल हो गई। मिशन, सीबीगंज, सिविल लाइंस और कुतुबखाना में भी दिक्कत रही। बुधवार को भी लोकल फाल्ट के साथ फेस नहीं आने और लो वोल्टेज की समस्या रही।

मंगलवार देर रात तेज हवा के बाद बारिश हुई। इसके बाद मिशन सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। स्टेडियम रोड फीडर देर रात एक बजे ट्रिप हो गया। जगतपुर सबस्टेशन के कटरा चांद खां में भी फाल्ट होने से देर रात तीन से चार घंटे तक आपूर्ति बाधित रही।

दुर्गानगर सबस्टेशन के मेगा सिटी में ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के बाद बिजली गुल हो गई। महानगर सबस्टेशन के आशुतोष सिटी कॉलोनी में फेस नहीं आने की समस्या रही। सीबीगंज सबस्टेशन के लीची बाग, रामपुर रोड, स्वालेनगर और अन्य जगह पर भी रात 2 से सुबह 4 बजे तक बिजली गुल रही। मंगलवार रात


बिजली फाल्ट ठीक करता कर्मचारी। • अमृत विचार

कुतुबखाना सबस्टेशन पर फाल्ट होने से बाधित हुई आपूर्ति सुबह 4 बजे बहाल हो सकी। सुबह 4 बजे तक दरगाह आला हजरत, सराय खाम, मोतीपार्क, जिला अस्पताल, कोहाड़ापीर, आलमगीरीगंज, पुराना रोडवेज, बाग ब्रिगटान फीडर की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रही।

वहीं बुधवार को सिविल लाइंस, परसाखेड़ा, किला, मढ़ीनाथ, महानगर, हरुनगला से जुड़े इलाकों में रात 8 बजे हल्की बारिश से लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या हो गई। सर्किट हाउस के पास बुधवार सुबह पेड़ गिरने से करीब एक घंटा तक आपूर्ति प्रभावित रही।

डीडीपुरम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। बुधवार दोपहर एक घंटे तक सिविल लाइंस प्रथम से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। किला सबस्टेशन के कटघर में 11 हजार की लाइन में स्पार्किंग होने से बिजली गुल हो गई। वीर सावरकरनगर में ट्रांसफार्मर की सफाई कराने को लेकर करीब एक घंटा तक बिजली गुल रही।

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Lighting Minds Shaping Future
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
B.Ed
DIRECT ADMISSIONS OPEN
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# स्मैक फैक्ट्री का भंडाफोड़, सात करोड़ की स्मैक बरामद

## छह गिरफ्तार, इज्जतनगर क्षेत्र में चल रही थी स्मैक तैयार करने की फैक्ट्री, मणिपुर से चाचा लाकर भतीजे को देता था कच्चा माल, भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश जारी

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत छह आरोपियों को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सात करोड़ रुपये की स्मैक बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान गिरोह सरगना मोहल्ला नई बस्ती सराय कस्वा फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारून और ग्राम मनकरी निवासी आदेश तिवारी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। जबकि, एजाजनगर गौटिया निवासी अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी फरार हैं।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि बुधवार को तड़के इज्जतनगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रोड नंबर-पांच के पास स्थित रेलवे के आवास के


गिरफ्त में आए तस्करों की जानकारी देते एसपी सिटी। • अमृत विचार

खंडहर में स्मैक बनाते समय दबिश देकर मौके से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3.526 किलो स्मैक, स्मैक बेचने से मिले 1,46 लाख रुपये नकदी, सात मोबाइल फोन, करीब 10 लीटर एसीटिक एनहाईड्राइड (केमिकल), स्मैक बनाने के उपकरण, स्कूटी और स्विफ्ट कार बरामद हुई। मौके से दो आरोपी अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी भागने में सफल रहे। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**दुकानदार से लेकर गिरोह में कारपेंटर तक शामिल**

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना अकरम कारपेंटर का काम करता है, जबकि, आसिफ किराना स्टोर, हारुन कारचोबी, जावेद कारपेंटर, राशिद दर्जी और आदेश तिवारी मोबाइल की दुकान संचालित करता है। सभी आरोपी दिखावे के लिए इस तरह के काम करते हैं, जिससे पुलिस शक न करें और ये सभी मिलकर स्मैक तस्करी का काम करते रहे। अकरम के खिलाफ तीन, आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद पर एक-एक और आदेश तिवारी पर दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### चाचा ने भतीजे को स्मैक तैयार करना सिखाया

पूछताछ में आरोपी अकरम ने बताया कि वह कारपेन्टर का काम करता है। इसकी आड़ में स्मैक तस्करी करता है। इससे पहले भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। मौजूदा समय में पुलिस के डर से ग्राम महलऊ थाना इज्जतनगर में किराये का मकान लेकर रहता था। उसने बताया कि उसके चाचा अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी कच्चा माल क्रूड (मार्फिन) मणिपुर से लाकर देते हैं। इन्हीं दोनों से उसने कच्चे माल से स्मैक तैयार करना सीखा है। स्मैक तैयार करने के बाद अच्छे मुनाफे पर आस-पास के जिलों समेत दिल्ली में सप्लाई करते थे। इसमें आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद और आदेश तिवारी मदद करते हैं।

> सात करोड़ रुपये की स्मैक के साथ पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सभी आरोपियों की प्रॉपर्टी की जांच कराई जा रही है। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत सभी की प्रॉपर्टी जब्त की जाएगी।
> –**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

### अकरम ने तस्करी से पांच मकान समेत बनाई करोड़ों की संपत्ति

पूछताछ में आरोपी अकरम ने बताया कि स्मैक तैयार करने के बाद इसे आसिफ, भूरा, आरिफ, आविद, सोनू, बिगाड़ा मनसूरी, इकरार चटका और साजन समेत अन्य जिलों के ग्राहकों को भी बेच देते हैं, जिससे अच्छा मुनाफा मिलता है। अकरम ने इसी काम से पांच आलीशान मकान बनवा लिए। इसके अलावा काफी प्रॉपर्टी भी खरीदी है। इसी तरह उसके अन्य साथियों ने भी काफी जमीन-जायदाद खरीदी है। स्मैक के धंधे से इन सभी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी बना ली है।

### सात किलो डोडा छिलका के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने भरतौल हरुनगला रोड से 7.16 किलो डोडा छिलका के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दिनेश बदायूं के दातागंज का रहने वाला है। उसके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में उसने बताया कि डोडा छिलका वह बदायूं में अपने गांव से खरीदकर लाया था और शाहजहांपुर में ढाबे पर सप्लाई करना था।

# हिस्ट्रीशीटर तौफीक मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

**अमृत विचार :** बहेड़ी थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर तौफीक को बुधवार सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। शेरगढ़ के खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ निवासी तौफीक उर्फ गुड्डू पर लूट समेत 28 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बहेड़ी सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 2 जुलाई की तड़के पुलिस टीम गश्त के दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के पास पहुंची तो दीवार के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने टार्च की रोशनी जलाई तो वह दीवार फांद कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस को एक तमंचा, एक


पुलिस गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर।

- आरोपी पर 28 मुकदमे हैं दर्ज भेजा गया जेल

जिंदा कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश की एक और रिपोर्ट लिख कर उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बहेड़ी थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि तौफीक वर्तमान में मोहम्मदपुर फायर ब्रिगेड के पीछे बहेड़ी में रहता है। गुड्डू पहले भी कई बार लूट, चोरी, गैंगस्टर, तमंचा फैक्ट्री समेत अन्य मामलों में जेल जा चुका है। वह थाना शेरगढ़ का हिस्ट्रीशीटर है।

# इज्जतनगर और किला में दो बच्चे कुत्तों के हमले में घायल


कुत्ते के हमले में घायल फरमान।


अस्पताल में भर्ती शान। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों घायल बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार :** इज्जतनगर और किला क्षेत्र में दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला करके घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

इज्जतनगर क्षेत्र के रहपुरा चौधरी में बुधवार सुबह चार साल का फरमान घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा हुआ था। इस दौरान अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह से बचाया। परिजनों ने नगर निगम से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग की है। वहीं दूसरी घटना किला क्षेत्र के दूल्हा मियां मजार के पास हुई। फारूक का चार साल का बेटा शान बुधवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए लेकर गए।

# बेटी पैदा होने पर युवक ने अस्पताल में किया हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने बेटी पैदा होने पर साथियों के साथ अस्पताल में पहुंच कर जमकर हंगामा किया। विरोध करने पर पत्नी और उसके परिजनों की जमकर पिटाई की। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला क्षेत्र के स्वालेनगर निवासी शाहरुख ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन उरुज फातमा की शादी डेढ़ साल पहले हुसैन बाग निवासी शमशुल इस्लाम उर्फ कादिर से की थी। उरुज गर्भवती थी और तीन महीने से मायके में रह रही थी। सोमवार रात उरुज को प्रसव पीड़ा होने पर मिनी बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। रात करीब 10:45 बजे कादिर चार युवकों के साथ अस्पताल पहुंचा। जैसे ही उसे बताया कि उसे बेटी पैदा हुई है तो उसने पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही कहा कि अब तुझे नहीं रखूंगा। जब ससुर शब्बीर अहमद और साले शाहरुख ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की।

# नगर निगम की विज्ञापन नियमावली फिर विवादों से घिरी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की विज्ञापन नियमावली फिर विवादों के घेरे में आ गई। करीब 4 करोड़ रुपये से ऊपर के होने वाली टेंडर प्रक्रिया पर ढाई साल पहले भी विवाद खड़ा हो गया था। मामला हाईकोर्ट में पहुंचा तो विज्ञापन उपविधि को अवैध करार दिया था। इसके बाद भी नगर निगम फिर उसी तर्ज पर एक ही कंपनी को टेंडर देने की जमीन तैयार कर ली गई है।

नगर निगम में 2022 में तीन कंपनियों ने विज्ञापन का टेंडर भरा था। इसमें एक एजेंसी को 4.11 करोड़ रुपये में ठेका दे दिया गया। इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। शिव सांई एडवरटाइजिंग के मालिक हरीश कुमार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने नगर निगम की 2020 की उपविधि को अवैध घोषित करते हुए इसे निरस्त कर दिया और नगर निगम को निर्देश दिया कि अधिनियम का पालन करते हुए नई विज्ञापन उपविधि तैयार की जाए, जो अब तक नहीं की गई है। आरोप था कि निगम के अधिकारियों ने मिलीभगत से विज्ञापन का ठेका गलत तरीके से दिया। तत्कालीन कमिश्नर

- हाईकोर्ट विज्ञापन उपविधि को दो साल पहले कर चुका अवैध करार
- नगर निगम फिर एक ही फर्म को टेंडर देने की कर रहा तैयारी

ने इस मामले की जांच करवाई थी, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता पाई गई थी। जांच के बावजूद दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और जिस कंपनी को ठेका दिया गया था, उसे दो साल बाद नवीनीकरण का लाभ भी मिल गया। इसके कारण अभी तक वह काम करती रही है।

अब एक बार फिर से ई आफर के तहत 20 जून से टेंडर आमंत्रित किया गया है, जो मंगलवार को खुलेगा। इसमें यूनीपोल, सिंगल पोल, कैंटिलीवर, स्वागत द्वार, क्योस्को आदि पर प्रचार प्रसार व विज्ञापन के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी दी जानी है। इस बार तो अभी प्रक्रिया पूरी भी नहीं हुई है और विभिन्न व्यापारी संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिए है। उनका आरोप इस प्रक्रिया को निरस्त कर मासिक शुल्क के आधार पर अनुज्ञा की अनुमति दी जाए। केवल एक एजेंसी को टेंडर देने से मनमाने रेट से शुल्क वसूली होगी।

# भाजपा नेता को हवालात में बंद करने पर बिहारीपुर चौकी इंचार्ज को हटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बिहारीपुर चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह को शराब के नशे में धुत होकर भाजपा नेता को गाली देने और हवालात में बंद करने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने हटाकर कोतवाली भेज दिया। वहीं पुलिस लाइन में तैनात दरोगा शिवम कुमार को बिहारीपुर चौकी प्रभारी बनाया है। भाजपा नेता ने चौकी इंचार्ज पर दूसरे पक्ष को 20 हजार रुपये लेकर छोड़ने का भी आरोप लगाया है।

थाना सुभाषनगर क्षेत्र की तिलक कॉलोनी निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मढ़ीनाथ सुधांशु शर्मा ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर दरोगा योगेंद्र पर गंभीर आरोप लगाए थे। आरोप था कि मंगलवार देर रात उनके परिचित नीतिश शर्मा उर्फ मनी निवासी गंगानगर का विवाद चौपुला पुल के नीचे महेश कुमार से हो गया। मौके पर पहुंची यूपी-112 पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बिहारीपुर लाकर छोड़ा। जानकारी मिलने पर

- दो पक्षों में विवाद के बाद समझौता कराने गए थे भाजपा नेता

वह अपने ममेरे भाई शैलेश मिश्रा निवासी सिविल लाइंस के साथ मौके पर पहुंचे और समझौता कराने का प्रयास करने लगे। वह चौकी के अंदर जाकर चौकी इंचार्ज योगेश सिंह से बात करने पहुंचे तो देखा कि वह शराब के नशे में धुत्त थे। उन्होंने खुद को भाजपा पदाधिकारी होना बताया तो चौकी इंचार्ज ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए पार्टी को भी अपमानजनक शब्द कहे। उसके बाद उन्हें समेत दोनों पक्षों को हवालात में बंद कर दिया। आरोप है कि अगले दिन चौकी के एक सिपाही के माध्यम से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेकर दूसरे पक्ष को छोड़ दिया। इसके बाद इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडे की रिपोर्ट पर एसएसपी अनुराग आर्य ने चौकी से हटाकर दरोगा योगेंद्र को कोतवाली में अटैच कर दिया। पूरे प्रकरण की एसएसपी ने सीओ प्रथम आशुतोष शिवम को जांच सौंप दी है।

### गैरहाजिर रहने पर पांच सिपाही निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने बिना अनुमति गैरहाजिर चल रहे पांच सिपाहियों को निलंबित कर दिया और सभी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। एसएसपी के मुताबिक पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रणधीर सिंह 3 मई से लगातार गैरहाजिर है। यूपी-112 में तैनात सिपाही सावन कुमार 27 मई को अवकाश से वापसी न कराकर अभी तक गायब हैं। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अमित कुमार 2 जून की रात गणना पर समय से उपस्थित न होकर गैरहाजिर हैं। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सूरज कुमार 6 नवंबर 2024 को ड्यूटी के लिए उपस्थित न होकर गायब हैं। वहीं भमोरा थाने में तैनात सिपाही अमित कुमार 4 जून से बिना अनुमति गैरहाजिर चल रहे हैं। एसएसपी ने सभी को अपने पदीय दायित्वों के उल्लंघन, कर्तव्यपालन में लापरवाही, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत अब वाराणसी तक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का विस्तार 27 अगस्त से वाराणसी स्टेशन तक कर दिया है। अब यह ट्रेन मेरठ सिटी से वाराणसी और वाराणसी से मेरठ सिटी तक चलेगी। ट्रेन सप्ताह में नियमित रूप से पूर्व निर्धारित स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

अधिकारियों के अनुसार 22490 ट्रेन मेरठ सिटी से सुबह 06:35 बजे प्रस्थान करेगी और 08:40 बजे मुरादाबाद, 10:06 बजे बरेली, 13:55 बजे लखनऊ, 15:55 बजे अयोध्या धाम होते हुए शाम 18:25 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 22489 वाराणसी से सुबह 09:10 बजे चलकर 11:42 बजे अयोध्या धाम, 13:50 बजे लखनऊ, 17:15 बजे बरेली, 18:55 बजे मुरादाबाद होते हुए 21:05 बजे मेरठ सिटी पहुंचेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेल प्रशासन के इस निर्णय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के बीच संपर्क और भी मजबूत होगा। मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम और वाराणसी के यात्रियों को अब एक ही ट्रेन में लंबी दूरी तय करने का अवसर मिलेगा, जिससे समय की भी बचत होगी।

### रेलवे ने 14 स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने 14 स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ा दी है। ये ट्रेनें पूर्व निर्धारित मार्ग, समय, दिन और संरचना के अनुसार ही संचालित होंगी, लेकिन इनकी "पीरियॉडिसिटी" यानी संचालन अवधि अब पहले से अधिक समय तक रहेगी। 09075/09076 मेरठ सिटी-काठगोदाम-मेरठ सिटी साप्ताहिक अब 24 और 25 सितंबर तक चलाई जाएंगी। इसके अलावा 05577/05578 सारनाथ-आनंद विहार-सारनाथ वाया लखनऊ अब 31 जुलाई तक, 03221/03222 राजेन्द्र नगर (पटना)-मुरादाबाद-राजेन्द्र नगर सोमवार/बुधवार को अब 27 और 30 जुलाई तक संचालित होंगी। वहीं 03311/03312 धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद की सेवाएं अब 29 और 31 जुलाई तक, 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक 25 और 26 जुलाई तक चलेंगी। इसके अलावा 05579/05580, 03223/03224 को नई तारीखों तक विस्तारित किया गया है। रेलवे के इस फैसले से उत्तर भारत के प्रमुख मार्गों पर यात्रा कर रहे हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

### टनकपुर-मथुरा समर स्पेशल ट्रेन अब अछनेरा तक

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का मार्ग अब अछनेरा तक विस्तार कर दिया है। यह ट्रेन अब 3 से 31 जुलाई तक सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05062 टनकपुर-अछनेरा समर स्पेशल टनकपुर से सुबह 04:35 बजे प्रस्थान करेगी और खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, उझानी, सोरों शूकर क्षेत्र, कासगंज, सिकंदराराव, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी होते हुए 11:40 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी और अंत में 12:30 बजे अछनेरा पहुंचेगी। वापसी में 05061 अछनेरा-टनकपुर समर स्पेशल उसी दिन 15:50 बजे अछनेरा से रवाना होकर मथुरा जंक्शन, मथुरा छावनी, हाथरस सिटी, सिकंदराराव, कासगंज, सोरो, उझानी, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, पीलीभीत, खटीमा से होते हुए रात 23:35 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना मीरगंज के ग्राम सिंधौली निवासी अतुल की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि 9 अगस्त 2023 को अतुल और दो अन्य करीब 10 बजे पुत्री को जबरन उठाकर ले गए और अपने घर सिंधौली में रखकर दबाव बनाया और मारपीट करने लगे। अतुल ने पीड़िता की मांग में सिंदूर भर दिया और उसे डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। 10 जुलाई 2023 को दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर छोड़कर चला गया।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली व हल्द्वानी को
○ सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
● अनुभवी को वरीयता ● फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं
योग्यता :- न्यूनतम स्नातक
नोटः- कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी होनी चाहिए
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9793602233
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# आज निकलेंगे मेहंदी के जुलूस

## शिया समुदायः बुधवार को छठे मोहर्रम पर इमामबाड़ों में हुआ मातम और मजलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** छठे मोहर्रम पर बुधवार को शहर के इमामबाड़ों पर मातम के साथ मजलिस की गई। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में शिया समुदाय के लोग मेहंदी के जुलूस निकालेंगे।

बुधवार को पहली मजलिस सुबह 9 बजे इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में शुरू हुई। उसके बाद हकीम आगा साहब गढ़ैया, वसी हैदर गढ़ैया छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला, महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपीटोला में मजिलस हुई। उसके बाद रात में इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में मजलिस हुई। मजलिस में बाहर से आए वक्ताओं ने इमाम हुसैन सहित कर्बला के बहत्तर शहीदों की शहादत बयां की। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने मरहूम सुरूर रिजवी के इमामबाड़ा में नौहाख्वानी के बाद मातम किया। किला कटघर में डॉ. असद जैदी, इंग्लिशगंज महमूद हसन नकवी में ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने नौहाख्वानी की। गुरुवार को हजरत कासिम की शहादत की याद में मेहंदी के जुलूस गढ़ैया के इमामबाड़ा गुलाम हैदर आब्दी, इंग्लिशगंज महमूद मंजिल और दीवानखाना से निकलेंगे।

**रविवार को निकलेंगे 400 से अधिक जुलूस :** 10 वें मोहर्रम पर रविवार को शहर से लेकर देहात में करीब 400 जुलूस निकलेंगे। जिसको लेकर पुलिस और प्रशासन की तरफ से तैयारी की जा रही है। सुन्नी समाज के लोग बाकरगंज और शिया समाज के लोग स्वालेनगर स्थित कर्बला में ताजिये सुपुर्दे खाक करेंगे। बाकरगंज ईदगाह कमेटी की तरफ से मोहर्रम के जुलूस को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

### इमाम हुसैन की शहादत हक और इंसानियत के लिए थी

**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम के महीने में शिया समुदाय में मजलिसों का दौर लगातार जारी है। छठे मोहर्रम पर बुधवार को इमामबाड़ा इमाम ए असर में मजलिस हुई। मजलिस में बोलते हुए जाकिर हाजी इबादत हुसैन नकवी ने बताया कि इमाम हुसैन की शहादत हक और इंसानियत के लिए थी। उनकी शहादत हमें सिखाती है कि हम हक और इंसानियत के रास्ते पर चलकर दिलों को साफ रखें। अंजुमन परचम ए हुसैन के नईम हैदर, इक्तेदार हैदर और वजाहत रजा नकवी ने नौहख्वानी की। मीडिया प्रभारी सय्यद शुजा नकवी ने बताया कि यह दौर लगातार दो महीने पूरी अकीदत के साथ चलता रहेगा। इस दौरान तौसीफ हैदर, जरगाम हैदर, नदीम, एहतिशाम, गाजी, समीर, अरबाज, अम्बर, हसन, मीर मोहम्मद ताहिर, अली हमजा आदि लोग मौजूद रहे।



### खानकाह-ए-नियाजिया से निकला जुलूस

**बरेली, अमृत विचार :** छठे मोहर्रम पर बुधवार को खानकाह-ए-नियाजिया से जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान खानकाह-ए-नियाजिया के सज्जादानशीन मेहंदी मियां और खानकाह के मैनेजर जुनैदी मियां नियाजी की दस्तारबंदी की गई। खानकाह की हवेली के दरवाजे से जुलूस को रवाना किया गया। सुबह से ही जुलूस में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंद खानकाह पहुंचने लगे थे। जुलूस में शामिल लोगों को हुसैनी लंगर बांटा गया। जगह-जगह पर लोगों ने जुलूस पर फूल बरसाकर स्वागत किया।

### सैलानी में बांटा शरबत

**बरेली, अमृत विचार :** सैलानी बाजार में छठे मोहर्रम पर बुधवार को इमाम हुसैन की याद में शरबत का वितरण किया गया। बारादरी मस्जिद के इमाम मौलाना अजहर रजा ने देश की तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर समरान खान, फरहान खान, जीशान उल्लाह, इमरान उल्लाह, जफर उल्लाह, आदि लोगों का सहयोग रहा।

### शहर में 57 डीबीसी खोजेंगे लार्वा

**बरेली ,अमृत विचारः** जिले में मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से बारिश होने से स्वास्थ्य विभाग की टेंशन बढ़ गई है, क्योंकि कई जगह जलभराव हो गया है और मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका बढ़ गई है। लार्वा को खत्म करने के लिए अब शहरी क्षेत्र में डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स की टीमें तैनात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि देहात की तुलना में शहरी क्षेत्र अधिक संकरा होता है। घरों के अंदर कूलर समेत अन्य जगहों और बाहर नालियों में लार्वा पनपने की संभावना अधिक रहती है। इसकी रोकथाम के लिए 57 डीबीसी तैनात किए जाएंगे। जिले में अब तक 451 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है।

# बीडीए की योजनाओं में लापरवाही पर चार फर्मों पर 20 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **30 जून तक पूरे करने थे कार्य लापरवाही में एई और जेई के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि**
- **मैसर्स सुनील गर्ग एंड कंपनी की वजह से 80 करोड़ का नुकसान 46 लाख प्रतिमाह जुर्माना**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की विभिन्न योजनाओं में लापरवाही बरतने पर चार फर्मों पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें नए भवन, स्काई-वे अपार्टमेंट, रामायण वाटिका और स्पोर्टस काम्प्लेक्स के निर्माण के काम में लापरवाही उजागर हुई है। एक फर्म से बीडीए को 80 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। इस फर्म पर 46 लाख रुपये प्रतिमाह जुर्माना लगाने का निर्देश दिए गए हैं। वहीं एई और जेई के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई की गई है।

बीडीए उपाध्यक्ष डा. ए. मणिकंडन ने बुधवार को प्राधिकरण की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें कार्यदायी एजेंसियों की लापरवाही उजागर हुई है। मै. सत्य सांई बिल्डर्स एण्ड कॉन्ट्रेक्टर्स को 30 जून तक बीडीए के नए कार्यालय भवन के कार्य पूरे करने थे। समय से कार्य पूरा नहीं होने पर फर्म पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आगामी निविदाओं में फर्म के प्रतिभाग करने पर भी रोक लगा दी गई है। अन्य कार्य में फर्म मैसर्स राजीव ट्रेडर्स ने भी अपने कार्य 30 जून तक पूरे नहीं किए। फर्म द्वारा कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाई गई। फर्म पर 10 लाख का जुर्माना के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब न देने पर टेंडरों में प्रतिभाग करने पर रोक लगाई जाएगी। मैसर्स जलाकाश को 30 जून तक कार्य पूरे नहीं करने पर 5 लाख का जुर्माना और कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

समीक्षा बैठक में पाया गया कि मैसर्स सुनील गर्ग एंड कंपनी की लापरवाही के कारण प्राधिकरण को होने वाली 80 करोड़ की आय प्रभावित हो रही है। इस पर बीडीए उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि बीडीए को होने वाले आय पर साधारण ब्याज की दर से प्रतिमाह प्राप्त होने वाले ब्याज की धनराशि का जुर्माना फर्म पर प्रतिमाह आरोपित किया जाए, जब तक कार्य समाप्त न हो जाए। जो करीब 46 लाख रुपये प्रतिमाह अनुमानित है। इस फर्म के कार्यों का पर्यवेक्षण करने वाले एई और जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई की गई है।

# रोटरी विश्व की सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रोटरी क्लब बरेली साउथ के अधिष्ठापन समारोह में बोले पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल**

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब बरेली साउथ का अधिष्ठापन समारोह बुधवार को एक निजी रिजार्ट में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि रोटरी विश्व की सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था है जो शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, पोलियो के कार्य में वर्ष भर लगी रहती है। मंडल 3110 के 35 जिलों में लगभग 4000 रोटेरियन सेवा कार्य वर्ष भर करते रहते हैं। विशिष्ट अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी के माध्यम से समाज में सेवा कार्य की भावना जागृत हुई है। इसके बाद डायरेक्टरी का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. आईएस तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. रवि मेहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, ध्रुव तिलक, चंद्र प्रकाश, राजीव बूबना, घनश्याम खंडेलवाल, विशाल अरोड़ा, विभोर भारतीय, डॉ. विनोद पागरानी आदि उपस्थित रहे।



अधिष्ठापन समारोह में मौजूद रोटरी क्लब बरेली साउथ के पदाधिकारी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने नीरज गोयल और राष्ट्रीय सचिव तनुज भसीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने आईआईए की केन्द्रीय कार्यकारिणी का गठन किया**
- **लखनऊ में हुए कार्यक्रम में वनमंत्री ने दिनेश गोयल को दिलाई राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ**

**अमृत विचारः** लखनऊ में मंगलवार को हुए कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की केन्द्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बरेली जिले को विशेष अहमियत दी गई। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को पद की शपथ दिलाई। इसके बाद दिनेश गोयल ने अपनी टीम की घोषणा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय कार्यकारिणी में बरेली से पूर्व चैप्टर चेयरमैन नीरज गोयल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और तनुज भसीन को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। सुरेश सुंदरानी को विशेष आमंत्रित सदस्य और विमल रिवाड़ी को सदस्य बनाया, जबकि मयूर धीरवानी को चैप्टर चेयरमैन बरेली बनाया है।

चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने अपनी टीम में रजत मेहरोत्रा को चैप्टर सचिव और आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाया है। उन्होंने बताया कि वह जल्द विस्तारित टीम की घोषणा करेंगे। उन्होंने सलिल बंसल को पिछले वर्ष कुशल कार्य क्षमता से कार्य करने पर उनका आभार जताया।

कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रचार और विकास में आईआईए की ओर से काफी काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार लगातार उद्यमियों के अनुकूल अपनी नीतियां बना रही है। उन्होंने एमएसएमई द्वारा हरित और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आईआईए की पहल की भी सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि उनका फोकस एमएसएमई को आगे बढ़ाने पर रहेगा, ताकि कैसे सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाकर एमएसएमई के लिए बाजार तैयार किया जा सके।



वनमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल।


नीरज गोयल।


तनुज भसीन।


सुरेश सुंदरानी।


विमल रिवाड़ी।

## सार-संक्षेप

### मोहर्रम पर ढोल-बाजे से बचें: सलमान मियां

**बरेली, अमृत विचार :** जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बुधवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मोहर्रम का महीना इस्लामी तारीख में खास होता है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम को पैगंबर ए इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन की शहादत के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार 10 वां मोहर्रम 6 जुलाई को है। मुसलमानों को चाहिए कि 9 और 10 मोहर्रम को रोजा रखकर नमाज पढ़कर अल्लाह की इबादत करें। उन्होंने खासतौर पर नौजवानों से अपील है कि इस दिन गैर शरई बातों से दूर रहें। ढोल-बाजे और ताजियादारी से बचें। उन्होंने कहा कि इन कामों को शरीयत में नाजायज करार दिया गया है। उन्होंने मोहर्रम के दिन लोगों से लंगर, नियाज फातिहा करने को कहा है।

### कलाकारों ने भजनों से दी साहित्यकार राजौर को श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश वाल्मीकि की ओर से बुधवार को सुभाषनगर क्षेत्र की तिलक कॉलोनी में साहित्यकार राम सरन राजौर बहशी नाथ की 41वीं पुण्यतिथि पर कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधायक एवं भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल रहे। बड़ी संख्या में साधु संतों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजक सुरेश वाल्मीकि ने बताया कि सुबह हवन पूजन व भंडारा हुआ। रात में पूर्ण रात्रि जागरण का आयोजन किया। कलाकारों ने भजनों के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अमरीश कठेरिया ने कलाकारों को सम्मानित किया। डॉ. सीपी एस चौहान, रवि अग्रवाल, अजय राजौर, मनोज थपलियाल, शिशुपाल कठेरिया, विजय वाल्मीकि, हरि सिंह, हरबंस सिंह, रंजीत कोठारी, अरुण कश्यप, सोनू कालरा, अमरीश कठेरिया, पार्षद सौरभ कुमार, योगेश बंटी, हर्षित गुप्ता, सुनील आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस में शामिल होने वालों का किया स्वागत




**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में अफसर अहमद प्रधान, मोहम्मद शादाब, राजू खान, मोहम्मद साजिद आदि रहे। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर लगातार लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिसके परिणाम आगामी पंचायत चुनावों में दिखाई देंगे। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि पूरे महानगर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी जुटाई जा रही है। इसको लेकर जल्द ही प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. केबी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष इलियास अंसारी, हाजी अकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष जिया उर रहमान, जिला महासचिव मुकेश वाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, सोशल मीडिया प्रभारी रफत आलम, कार्यालय सचिव नजमी खान जोया आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** समाज कल्याण निदेशालय की ओर से छात्रावासों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए 1 जुलाई से https://uphms.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति बालक छात्रावास प्रथम व द्वितीय रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर, भोलापुर और आंवला छात्रावासों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के दौरान पोर्टल पर छात्र-छात्राएं अपना फोटो जेपीजी, जेपीईजी, पीएनजी फार्मेट में अधिकतम 100 केबी में अपलोड करें। साथ ही सामान्य वर्ग को छोड़कर जाति प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान की फीस रसीद, आईकार्ड और अन्य प्रमाण पत्र, माता-पिता व अन्य अभिभावक के हस्ताक्षर भी अपलोड करने होंगे। ऐसे छात्र-छात्राएं जो कि जिले के स्कूल और कॉलेज में संस्थागत होते हुए समाज कल्याण विभाग या कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग की योजना में छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखते हों। इसके साथ ही छात्रावास में प्रवेश केवल एक ही वर्ष के लिए मान्य होगा, यदि सूचना के बाद छात्रावास खाली न किए जाने पर संबंधित छात्र-छात्रा पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक छात्र-छात्रा को प्रति माह 25 रुपये का शुल्क वहन करना होगा। वहीं किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करते पाए जाने पर छात्रावास से तत्काल निष्कासित कर दिया जाएगा। छात्रावास से संबंधित किसी भी सूचना के लिए अधीक्षक कौशलेंद्र सिंह से मोबाइल नंबर 9411117071 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रोटरी क्लब बरेली साउथ ने 400 विद्यार्थियों को बांटे बैग

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से संचालित रोटरी पब्लिक स्कूल सथरापुर में शिक्षा उदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 400 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी 3110 के मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी रहे। उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। चेयरमैन नीरज अग्रवाल ने बताया कि स्कूल के निकटवर्ती क्षेत्र के गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा देने का कार्य रोटरी पब्लिक स्कूल द्वारा किया जा रहा है। छात्रों को पानी की बोतलें भी भेंट की गईं। रोटरी क्लब बरेली साउथ के अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल ने बच्चों को शिक्षा का जीवन में महत्व बताया। राकेश अग्रवाल, सचिव संजय गर्ग, सुजीत जायसवाल, अनूप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, विभोर भारतीय, दिनेश प्रधान, मनोज खंडेलवाल, अंकुर बंसल, क्लब सर्विस डायरेक्टर राजीव बूबना, प्रधानाचार्य नेहा मिश्रा, प्रदीप मदवार आदि उपस्थित रहे। बच्चों की काउंसलिंग में संगीता खंडेलवाल, नूपुर अग्रवाल, निधि गर्ग, संगीता अग्रवाल, सुषमा खंडेलवाल, इंदु सेठी और स्वस्ति जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार-संक्षेप

### बच्चों के परिजनों को दिए ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और पौधे




**बरेली, अमृत विचार :** वन विभाग ने वन महोत्सव सप्ताह के तहत बुधवार को महिला जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों के परिजनों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और दो पौधे भेंट स्वरूप दिए। वहीं अलग-अलग जगह पर वन विभाग ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया। जिला महिला अस्पताल में रुहेलखंड जोन के मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह, डीएफओ दीक्षा भंडारी ने अस्पताल में चार बच्चों के परिजनों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और एक पौधा सहजन और एक पौधा सागौन का भेंट किया। उन्होंने कहा कि यह पौधे बच्चों के स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुदृढ़ता के प्रतीक होंगे। यह पौधा न केवल पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि बच्चों के साथ-साथ यह भी पनपेगा और भविष्य में उनके लिए एक आर्थिक संपत्ति के रूप में कार्य करेगा। वहीं भरतौल गांव की पौधशाला के पास पौधरोपण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हरेन्द्र पटेल ने पौधरोपण किया। इस दौरान 400 पौधों रोपे गए जिसमें मुख्य रूप से बरगद, गुलमोहर, सागौन आदि रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधवा पेंशन से 120 महिलाओं को किया लाभांवित



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा की ओर से मंगलवार को विधवा पेंशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बताया गया कि पिछले 10 साल से 500 रुपये प्रति महीना की पेंशन 120 विधवा महिलाओं को दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विमल भारद्वाज ने पंजाबी महासभा के कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वास्थ्य के विषय पर जागरूक करते हुए योग पर चर्चा की। डायबिटीज और हार्ट अटैक से बचने की टिप्स दिए। पंजाबी महासभा के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि पंजाबी महासभा विधवा पेंशन में विस्तार करेगी, जिसमें सभी लोगों को सहयोग की जरूरत है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद सतीश सक्सेना, जिला अध्यक्ष अशोक अरोड़ा, नगर महामंत्री देवराज चंडोक, जिला महामंत्री जतिन भाटिया, मीडिया प्रभारी अमित अरोड़ा, तरुण साहनी, मन्नू बक्शी, संजीव आनंद, संजीव गुलाटी, नगर अध्यक्ष हरजीत सिंह जोहर, शिव मक्कड़, राम अरोड़ा, सोनू अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों ने किया डॉक्टरों का सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान किया। डॉ. आरके टंडन, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. एमएस बासु, डॉ. भ्रमरेश चंद्र शर्मा, डॉ. मनीष टंडन, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया गया। सभी डॉक्टर्स ने अपने आशीर्वचन में वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली और दैनिक दिनचर्या के बारे में भी विस्तार से बताया। समिति के अध्यक्ष प्रो. केए वार्ष्णेय, महासचिव एडवोकेट बीके कोचर, भूपेन्द्र सक्सेना, प्रेम शंकर अग्रवाल, सूरज भान गुप्ता, राकेश वार्ष्णेय, आरके चोपड़ा, जगदीश अरोरा, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, एन के पटेल, चन्द्र मोहन अरोरा, डॉ. राजेश अरोरा, ई डीके गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### वी केयर सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने शरबत बांटा



**बरेली, अमृत विचार :** वी केयर सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बुधवार को पीलीभीत बाईपास पर शरबत वितरण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आफताब आलम और समाजसेवी अमित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के संरक्षक वाजिद अली खान, अध्यक्ष डॉ. कामरान खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद राशिद, डॉ. फहद बिन हामिद, सचिव दीपक खत्री, डॉ. एम रहमान अंसारी, डॉ. नीरज राठौर, शकील एहमद, मो. सलीम खां, डॉ. जावेद खान, नितिन शर्मा, फरीद, संतोष शर्मा, मो. मुनीर, मो. आज़म, मो. नदीम, कल्लू दादा, अमान अंसारी आदि मौजूद रहे।

### होम्योपैथी शिविर लगाकर किया 150 मरीजों का परीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** होम्योपैथिक डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बुधवार को होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमेन की 182 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आनंद आश्रम और श्री त्रिवटीनाथ मंदिर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। शिविर में लगभग 150 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया और औषधि का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीएस पांडे की उत्कृष्ट सेवा के लिए संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. दीपक सक्सेना व सचिव डॉ. राहुल श्रीवास्तव, आनंद आश्रम प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री अनिल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, डॉ. मोहिनी राठी, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. विकास वर्मा, डॉ. सुधांशु आर्य आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ रूट वाली खानपान की दुकानों ठेलों पर होगा विक्रेता का नाम, रेट लिस्ट

## डीएम-एसएसपी ने मोहर्रम और कांवड़ पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रधान, सचिव, लेखपाल, चौकीदार तथा अन्य कर्मियों की जिम्मेदारी तय करने के भी दिए निर्देश




कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम एवं कावड़ पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक करते डीएम और एसएसपी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को जनपद में कांवड़ रूट की खाने-पीने की दुकानों और ठेलों आदि पर वेंडरों के नाम और खाद्य वस्तुओं के रेट लिस्ट लिखवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कांवड़ रूटों पर मांस की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जाति को आधार बनाकर समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर गंभीर होने की आवश्यकता है और गांवों में प्रधान, सचिव, चौकीदार व अन्य कर्मियों की जिम्मेदारी भी तय करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की शाम जिलाधिकारी अविनाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में मोहर्रम तथा कावड़ पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठक की। डीएम ने कहा, जातिवाद, धर्मवाद, सम्प्रदायवाद को छोड़कर हमें राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाना होगा। त्योहारों के अवसर पर कुछ अराजक तत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं, हमें सतर्कता को बनाए रखना है ताकि ऐसे लोगों की मंशा पूरी नहीं हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को कावड़ रूट पर पड़ने वाली खाने-पीने की दुकानों व ठेलों आदि पर वेंडर का नाम लिखवाने व खाद्य वस्तुओं की मूल्य सूची लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही सावन माह में कांवड़ रूटों पर मांस की दुकानें भी बंद कराने के निर्देश दिए। पूर्व की बैठकों में जो समस्याएं लोगों ने उठाई थीं, उन पर संबंधित अधिकारियों ने क्या कार्रवाई की, इस बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अवगत कराया कि सुधार कार्य के लिए 22 स्थान चिन्हित किये गये थे, जिनमें से 11 स्थानों पर कार्य पूर्ण कर लिया, अन्य स्थानों पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में जुलूसों के रूटों पर विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर की बेरिकेडिंग, तारों को टाइट करने, खंभों पर प्लास्टिक शीट लपेटे जाने के कार्यों की समीक्षा की। विद्युत विभाग द्वारा बताये कार्यों को क्षेत्र के एसएचओ ने पुष्टि भी की। लोक निर्माण विभाग द्वारा रूट पर कराए गए कार्यों की भी जानकारी ली। एसएचओ आदि से वास्तविक स्थिति के बारे में भी पूछा। तहसील फरीदपुर में गौसगंज से धारमपुर मार्ग पर कार्य कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कानून व्यवस्था की स्थिति किसी विभाग विशेष के कारण उत्पन्न हुई तो उस विभाग के कार्यालयाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, एसपी सिटी मानुष पारिक, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विश्राम सिंह, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# फार्म पर नहीं प्रिंट हो रहा स्नातक परास्नातक, सत्यापन में अड़चन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कॉलेज प्रशासन की ओर से विश्वविद्यालय को समस्या बताई

**अमृत विचार:** शैक्षिक सत्र 2025-26 में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अनिवार्य समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी गड़बड़ी सामने आ रही है। बरेली कॉलेज सहित विभिन्न संबद्ध कॉलेजों में जमा हो रहे फॉर्म में सबसे बड़ी समस्या यह है कि आवेदन पत्र पर यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि फार्म स्नातक या परास्नातक का है। इसकी वजह से सत्यापन प्रक्रिया अटक गई है।

कॉलेजों के अनुसार 30 जून के बाद से फार्म आने बंद नहीं हुए हैं लेकिन उनकी जांच में दिक्कत हो रही है। समर्थ पोर्टल पर दर्ज फॉर्म का प्रिंट लेने पर कई बार उस पर न तो स्नातक और न परास्नातक लिखा रहा है। इससे दस्तावेजों का मिलान कर पाना मुश्किल हो रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि इस बार कुछ फर्जी फॉर्म भी भरे गए हैं, जिन्हें समय रहते पकड़ा जा रहा है। कॉलेजों की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन को तकनीकी गड़बड़ी की जानकारी दे दी गई है और जल्द समाधान की मांग की गई है। अगर समस्या शीघ्र नहीं सुलझी, तो न केवल सत्यापन प्रक्रिया में देरी होगी बल्कि मेरिट सूची जारी करने में भी लंबा समय लग सकता है।

छात्र भी इस भ्रम में हैं कि उनका फॉर्म सही तरीके से स्वीकार हो गया है या नहीं। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे कॉलेज की वेबसाइट या हेल्प डेस्क के माध्यम से समय-समय पर अपने फॉर्म की स्थिति की जानकारी लेते रहें।

### 100 से अधिक आवेदन फॉर्म निरस्त

बरेली कॉलेज में अब तक करीब 10,500 से अधिक फार्म भरे जा चुके हैं। इनमें से करीब 100 फार्म को पात्रता के अनुरूप नहीं होने से निरस्त कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश फार्म दो या अधिक साल के गैप के चलते निरस्त हुए। कॉलेज प्रशासन के अनुसार एक साल के गैप पर दो नंबर काटे जाते हैं। इसलिए अधिकांश फार्म को निरस्त किया गया है।

# इन्क्यूबेशन सेंटर की कमान निजी संस्था को, अगस्त से होगा संचालन

- साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है इन्क्यूबेशन सेंटर

**बरेली, अमृत विचार:** राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के इन्क्यूबेशन सेंटर के संचालन की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। टेंडर दिल्ली की कंपनी को मिला है। कंपनी अगस्त से इसका संचालन शुरू कर देगी।

इंक्यूबेशन सेंटर करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसमें करीब दो करोड़ की 25-30 मशीनें तीन ट्रेडों की इंस्टाल की गई हैं। इसमें खोआ, पनीर, दही, मिठाई, रबड़ी की प्रोसेसिंग, टमाटर में टोमैटो सॉस और प्यूरी बनाने और बेकरी में कुकीज और टोस्ट बनाने की प्रोसेसिंग होगी।

राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के अधीक्षक अंशिल सिन्हा ने बताया इंक्यूबेशन सेंटर पर पूरा कंट्रोल विभाग का रहेगा। कंपनी विभाग को किराये के साथ हर माह मुनाफे का 12 प्रतिशत भी देगी। वहीं सप्ताह में पांच दिन खाद्य उद्यमी बनने के लिए आने वाले प्रशिक्षुओं को दो दिनों के लिए प्रशिक्षण केंद्र की तरफ से इसी इंक्यूबेशन सेंटर में दिलाया जाएगा। वहीं इसके संचालन से करीब 50 स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

# बच्चों पर हमलावर हो रहे बरसाती कीड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारिश के मौसम में चारपाई और बेड पर सो रहे बच्चों पर कर रहे हमला, जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचने लगे मरीज
- बच्चों की त्वचा पर कीड़ों के काटने से पड़ रहे लाल चकत्ते, हो रहे दाने, बड़े भी हैं परेशान, अनदेखी करना हो सकता गंभीर

**अमृत विचार :** रुक रुक कर बारिश हो रही है ऐसे में घरों में रोशनी होते ही कीड़ों का झुंड घर में घुस कर मंडराने लगता है। इन बरसाती कीड़ों के काटने से लोग गंभीर रूप से संक्रमित हो रहे हैं। ये बरसाती कीड़े बच्चों को लगातार बीमार कर रहे हैं। बीते एक सप्ताह से जिला अस्पताल की ओपीडी में कीड़ों के काटने से संक्रमित होने के मामलों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टरों के अनुसार ओपीडी में बीते 5 दिनों में 10 से 12 मरीज बिटल बाइट के आए हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है।

**बच्चों को हो रहा गंभीर संक्रमण:** जिला महिला अस्पताल के सीएमएस व वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिभुवन प्रसाद के अनुसार, बारिश के बाद कीड़े सर्वाधिक हमलावर होते हैं। कीड़े काटते हैं तो लार या डंक टूटकर त्वचा पर रह जाता है। बच्चों की त्वचा नाजुक होती है, इसलिए इनके शरीर पर दाने आने लगते हैं और फिर पूरे शरीर में एलर्जी हो जाती है। छोटे-छोटे दाने हो जाते हैं।

**त्वचा रोग विशेषज्ञ न होने से प्रशिक्षु के भरोसे इलाज :** दरअसल, जिला अस्पताल में बीते करीब डेढ़ साल से स्थायी त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त है। इसके चलते यहां निजी मेडिकल कॉलेजों से प्रशिक्षण लेने आए रेजिडेंट डॉक्टर ही त्वचा रोगियों का लंबे समय से इलाज कर रहे हैं। हालांकि प्रबंधन ने रिक्त पद पर तैनाती के लिए शासन से पत्राचार किया है।

### ऐसे करें बचाव

- बच्चे को पूरे आस्तीन के सूती कपड़े पहनाकर रखें
- शाम के समय बच्चों को घर के बाहर न खेलने दें
- मच्छरदानी में ही बच्चे को सुलाएं
- पेड़-पौधों, बगीचे के पास सफाई रखें
- समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह लें

# विद्यालयों के विलय के विरोध में शिक्षक निकालेंगे बाइक रैली

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ की ओर से परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में शिक्षा बचाओ संघर्ष मोर्चा निकालते हुए स्कूटर-बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसमें सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

यह रैली गांधी उद्यान से दोपहर 3 बजे शुरू होगी और चौपुला, किला, मिनी बाईपास, इज्जतनगर, आईवीआरआई, डेलापीर, श्यामगंज फ्लाईओवर होते हुए गांधी उद्यान पर समाप्त होगी। जिला अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने संघ के सभी शिक्षकों ने अधिक मात्रा में एकत्रित होकर रैली में शामिल होने को कहा है।

# समिति में बिना चुनाव के पदाधिकारियों को मान्यता नहीं

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में बुधवार को कर्मचारी कल्याण सेवा समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए। जिसमें बिना चुनाव के पदाधिकारियों को मान्यता नहीं देने पर भी मुहर लगाई गई। समिति अध्यक्ष चंद्रकेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को अध्यक्ष या सचिव बताकर भ्रम फैलाता है, तो उसके विरुद्ध प्राचार्य से मिलकर कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति संगठन या कर्मचारी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो संगठन उसके साथ नहीं खड़ा होगा।

सदस्यों ने कहा कि जितेंद्र मिश्रा और हरीश मौर्य पहले समिति से इस्तीफा दे चुके हैं और उनका अब संगठन से संबंध नहीं है। यदि ये दोनों फिर भी अपने नाम के आगे पदों का उल्लेख करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में भगवान दास, राम अवतार, दुधराम, बली अहमद, श्रीपाल, मदनलाल, वीर कुमार, रंजीत कुमार, आजम, धर्मेंद्र कुमार, प्रेम शंकर, भीकम सिंह, जसबीर और टीकाराम सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान नहीं करते भक्त की भक्ति में भेद : पं. सुरेश शास्त्री



त्रिवटीनाथ मंदिर में भागवत कथा सुनतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार शाम वृंदावन के कथा व्यास पं. सुरेश शास्त्री ने बताया कि प्रभु अपने भक्त की केवल भक्ति को ही देखते हैं। वह पशु, मनुष्य या देवता है, इसका कोई भेद नहीं करते।

कथा व्यास कहते हैं कि तालाब में पानी पीते हुए हाथी का पैर जब मगरमच्छ अपने मुंह में दबा कर मारने का प्रयास करता है, तब हाथी की सूंड पर कमल का फूल आ जाता है जोकि पानी से ऊपर होता है। हाथी की असहाय अवस्था देखकर भगवान विष्णु स्वयं प्रकट होकर हाथी की रक्षा करते हैं। कथा व्यास कहते हैं कि दूध में घी होता लेकिन उसको निकालने की कला आनी चाहिए तभी घी की प्राप्ति हो सकती है। इसी तरह से परमात्मा की कृपा पाने के लिए भक्ति रूपी कला का आना होना चाहिए। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म, कंस वध, गोवर्धन कथा आदि का वर्णन किया।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा के दौरान भक्तों ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर जैनियों ने जताया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली गुजरात के जूनागढ़ में गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक पर निर्वाण लाडू चढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के अनुमति न देने पर जैन समाज में आक्रोश है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जैन राइट टू गिरनार फिफ्थ पीक के साथ बुधवार को करीब चार घंटे तक ट्रेंडिंग में पहले नंबर पर रहा। इसी विरोध में गूगल मीट के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर बनी टीम में बरेली जैन समाज के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली पर कुछ साल से अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसका केस हाईकोर्ट में समाज जीत भी चुका है मगर राज्य सरकार ने जैन समाज को उसका अधिकार अब तक नहीं सौंपा है। ऑनलाइन मीटिंग में ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस जैन लोहाड़े, सदस्य अभिषेक जैन आदि उपस्थित रहे।

### 997 छात्र देंगे परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की 19 जुलाई को इंप्रूवमेंट एवं कंपार्टमेंट परीक्षा में 997 अभ्यर्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल के 664 विद्यार्थी और इंटरमीडिएट के 333 विद्यार्थी जीआईसी में परीक्षा देंगे।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Excellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement in the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# राहत : नशे के लती एचआईवी मरीजों को इलाज देगा ओएसटी

## जिला अस्पताल में सालों से अटके ओएसटी केंद्र के संचालन की कवायद हुई तेज, प्रशिक्षण लेकर स्टाफ की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंजेक्शन के माध्यम लंबे समय से नशा करने से बड़ी संख्या में लोग एचआईवी की गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में ओपीओइड सप्सट्यूशन थेरेपी यानि ओएसटी केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में जिला अस्पताल में बीते डेढ़ साल से अटके ओएसटी केंद्र के संचालन की कवायद अब तेज हो गई है। यहां मरीजों का इलाज करने के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण के बाद तैनाती की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

**नशे से मुक्ति दिलाएगा ओएसटी केंद्र :** दरअसल, जिला अस्पताल स्थित ओएसटी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं एक नर्सिंग ऑफिसर और काउंसलर समेत तीन कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है। जल्द से जल्द मरीजों को इसका लाभ मिल सके इसके लिए बीती 16 से 20 जून तक इन कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी लखनऊ में पूरा हो चुका है। केंद्र संचालन के लिए शासन की अनुमति के लिए प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। अनुमति मिलते ही केंद्र का संचालन आरंभ कर दिया जाएगा।



जिला अस्पताल में ओएसटी भवन हो रहा तैयार। ● अमृत विचार

- जल्द ही आरंभ होगा केंद्र का संचालन, शासन से मंजूरी आने का हो रहा इंतजार

"ओएसटी केंद्र के संचालन से पूर्व स्टाफ की तैनाती प्रक्रिया आरंभ है। वहीं आगामी सप्ताह तक मरीजों को दी जाने वाली दवाएं व अन्य संसाधन भी शासन स्तर से उपलब्ध करा दिया जाएगा। जल्द ही केंद्र का संचालन आरंभ करने का प्रयास है।
– डॉ. अलका शर्मा, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल।

### ओएसटी केंद्र का इन मरीजों को मिलेगा लाभ

यह केंद्र नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर ऐसे मरीजों को लाभ मिलेगा जो कि सीरिंज के माध्यम से लंबे समय तक नशा करने से एचआईवी की गिरफ्त में आए हैं। वहीं जो मरीज नशीली दवाओं के आदी हो गए हैं, उन्हें भी इलाज देकर स्वस्थ बनाया जाएगा। यह केंद्र मरीजों को दवाइयां और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। एक तरीके से नशा मुक्ति केंद्र की तर्ज पर ही यहां मरीजों का इलाज होगा।

# जिले के हजारों लोगों को मिलेगा वार्षिक फास्टैग पास का लाभ

## एनएचएआई के तीन टोल प्लाजा से हर रोज 75 हजार से अधिक निकलते हैं वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सरकार की वार्षिक फास्टैग पास की व्यवस्था से जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले तीन टोल प्लाजा से नियमित गुजरने वाले हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर 15 अगस्त से यह व्यवस्था लागू होगी।

तीन हजार रुपये के सालाना पास से एक वर्ष में 200 बार टोल से गुजरा जा सकेगा। यह सुविधा खासतौर पर जिले के उन लोगों के लिए फायदेमंद रहेगी जो टोल प्लाजा के आसपास, यानी 60 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं और रोजाना



फरीदपुर टोल प्लाजा।

अप-डाउन करते हैं।

बरेली में एनएचएआई के लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर, दिल्ली हाईवे पर फतेहगंज पश्चिमी और पीलीभीत हाईवे पर लभेड़ा में टोल प्लाजा है। इसमें फतेहगंज को छोड़ बाकी दोनों टोल बरेली एनएचएआई के अधीन हैं। बरेली-लखनऊ हाईवे के चार

- 15 अगस्त से लागू होगी व्यवस्था कार और जीप वाले उठाएंगे लाभ

अन्य टोल भी बरेली के अधीन हैं। इनमें सीतापुर के खैराबाद, लखीमपुर के मैगलगंज और लखनऊ के इंटौजा में टोल प्लाजा है। बरेली की सीमा में पड़ने वाले तीनों टोल प्लाजा से रोजाना करीब 75 हजार वाहन निकलते हैं। इनमें व्यापार, रोजगार के साथ ही बड़ी संख्या में नौकरीपेशा लोगों का निजी वाहनों से आवागमन होता है। अभी 70 से 165 रुपये तक टोल प्लाजा पर चुकाने पड़ते हैं। फरीदपुर टोल से एक बार में गुजरने पर कार चालक को 135 रुपये देने पड़ते हैं, यदि इसकी 200 ट्रिप की जाएं तो वह 27 हजार रुपये की पड़ेगी। इसी तरह फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा पर कार चालक को 165 रुपये एक ट्रिप के देने पड़ते हैं। इस हिसाब से 200 ट्रिप के 33 हजार देने पड़ते हैं। वहीं पीलीभीत रोड पर लभेड़ा टोल प्लाजा पर एक तरफ के 70 रुपये कार चालकों को देने होते हैं और 200 ट्रिप पर 14 हजार रुपये बनते हैं। वार्षिक फास्टैग पास बनने के बाद यह सफर मात्र तीन हजार में हो जाएगा।

### निजी वाहनों के लिए है यह पास

यह सुविधा सिर्फ प्राइवेट कार, जीप और वैन जैसी गाड़ियों के लिए है। यह वार्षिक पास सिर्फ उसी गाड़ी के लिए वैध रहेगा, जिस पर यह सक्रिय हुआ है। किसी और गाड़ी में पास ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। अगर इसे किसी दूसरी गाड़ी में इस्तेमाल किया गया तो पास तुरंत निष्क्रिय हो जाएगा।

निजी वाहनों के लिए वार्षिक फास्टैग सुविधा शुरू होगी। इसमें तीन हजार रुपये में 200 बार गुजरा जा सकता है। अधिसूचना जारी करने के साथ ही इसकी ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। जिले के सभी टोल पर 15 अगस्त से व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।
– **सौरभ चौरसिया, परियोजना निदेशक**, एनएचएआई

# तांत्रिक ने जलती चिता पर दो पक्षियों की चढ़ाई बलि

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- सूचना पर परिजन श्मशान स्थल पहुंचे, दी तहरीर

**अमृत विचार :** मंगलवार देर रात गांव कुरतरा के श्मशान स्थल पर युवक की जल रही चिता पर तांत्रिक ने दो पक्षियों की बालि चढ़ाकर तंत्रक्रिया की। सुबह युवक के परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां तंत्र क्रिया से संबंधित सामग्री पड़ी मिली। यह देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने मामले में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी तांत्रिक की तलाश में जुटी है।

गांव कुरतरा निवासी ब्रजेश शर्मा ने बताया कि सोमवार शाम उनके भाई प्रवीण शर्मा का बीमारी के चलते अस्पताल में निधन हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के पास श्मशान भूमि में किया गया। रात के समय शाही रोड पर रहने वाले गांव के ही एक तांत्रिक ने जलती चिता पर दो पक्षियों की बलि देकर तंत्रक्रिया की। सूचना पर बुधवार सुबह परिजन मौके पर पहुंचे तो शव के पास में मृत दो पक्षी, गोला आदि सामग्री पड़ी मिली। आसपास के किसी व्यक्ति ने शाही रोड पर रहने वाले गांव के एक तांत्रिक पर तंत्रक्रिया करने की बात कही। ब्रजेश ने पुलिस को तहरीर दी है। दरोगा पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी तांत्रिक फरार है। मामले की जांच की जा रही है।

# खेत में मिला वृद्ध का सड़ा गला शव

**आंवला, अमृत विचार :** मनौना गांव के किनारे एक खेत से वृद्ध का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को गांव के किनारे महिपाल सिंह के खेत में मजदूर घास काट रहे थे। दोपहर में उन्हें खेत में भरे पानी में सड़ गला शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाला। कपड़ों के आधार पर शव की पहचान मनौना निवासी हुलसन सिंह (80) के रूप में हुई। ग्रामीणों बताया कि हुलसन सिंह तीन भाई थे। उनके दोनों भाइयों की मौत हो चुकी है। हुलसन सिंह गांव के एक धार्मिक स्थल पर रहते थे। वह चार पांच दिन से नजर नहीं आ रहे थे। सीओ नितिन कुमार और इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने घटनास्थल पर जांच की।

# जूनियर रेजिडेंट को डॉक्टर पति ने दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 लाख दहेज के लिए मारपीट बेटे को अगवा करने के प्रयास का आरोप
- महिला डॉक्टर ने पति के खिलाफ स्वरूपनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जीएसवीएम मेडिकल कालेज की महिला डॉक्टर ने डॉक्टर पति पर चाकू दिखाकर जान की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने मारपीट की। स्वरूपनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से बरेली के फरीदपुर निवासी डॉ. नेहा शर्मा के अनुसार वह मौजूदा समय में जीएसवीएम मेडिकल कालेज में जूनियर रेजिडेंट हैं। उनका विवाह एक मई 2023 को बदायूं के बिसौली के रहने वाले डॉ. यथेष्ट मिश्रा से हुआ था। डॉ. नेहा के अनुसार शादी के बाद पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करते थे। मारपीट में उनके ससुरालीजन व पति के मामा मनोज साथ देते थे। कुछ दिन बाद ससुरालीजन 10 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। जनवरी 2024 को उनका बेटा हुआ। उस समय पति रुपयों की मांग करते हुए उसे अस्पताल में ही छोड़ गए। इसके बाद बीती 17 जून को ससुरालीजन जीएसवीएम मेडिकल कालेज स्थित उनके सरकारी आवास पर आए और बेटे को अगवा करने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी, इस पर आरोपी भाग निकले। इस घटना के बाद पति ने कई बार फोन कर गाली-गलौज की। वीडियो कॉल कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता डॉक्टर ने स्वरूपनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वरुपनगर थाना प्रभारी सूर्यबली पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

# अनदेखी श्रद्धालुओं के लिए बनी मुसीबत

## मढ़ीनाथ मंदिर परिसर में जलभराव से श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कत, सावन नजदीक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मढ़ीनाथ मंदिर परिसर में जलभराव होने से श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोगों और मंदिर के महंत ने इसकी शिकायत पार्षद श्याम सिंह से की। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को जानकारी दी, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इससे लोगों में आक्रोश है।

मढ़ीनाथ मंदिर परिसर सड़क से नीचा है, जिससे बारिश होने से मंदिर परिसर में जलभराव हो जाता है। जल निकासी के लिए मंदिर परिसर में मोटर लगाया गया है, लेकिन वह कई दिनों से खराब है। दो दिन हुई बारिश से मंदिर परिसर में पानी भर गया है। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना होता है। आसपास के लोगों और श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने इसकी जानकारी पार्षद श्याम सिंह को दी थी। पार्षद ने नगर निगम के एई से बात की। तब एई ने मिस्त्री भेजकर मोटर सही कराने का आश्वासन दिया, लेकिन दो दिन बाद भी मिस्त्री नहीं पहुंचा। इससे जलभराव की समस्या जस की तस है।



मढ़ीनाथ मंदिर परिसर में जलभराव से लोगों को हो रही है दिक्कत। ● अमृत विचार

मंदिर परिसर रोड से नीचा है। इससे यहां अक्सर जलभराव हो जाता है। सबसे अधिक समस्या सावन और भादों माह में होती है। सावन 10 दिन बाद शुरू हो रहे हैं। ऐसे में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। मंदिर आने वाले भक्तों को समस्या होगी। मोटर खराब होने की शिकायत पार्षद श्याम सिंह से की थी, लेकिन अब तक समस्या का निदान नहीं हो सका।
– **विशाल गिरी**, महंत मढ़ीनाथ मंदिर

जलभराव होने से काफी समस्या हो रही है। मंदिर में आने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर दर्शन के लिए जाना पड़ रहा है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। पार्षद से कहा तो उन्होंने एई से वार्ता की। एई ने मोटर सही कराने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक मोटर सही नहीं हो सका। मोटर सही हो तब जलभराव से निजात मिले।
–**नरोत्तम आर्य**, श्रद्धालु

मंदिर के महंत ने मुझे समस्या बताई थी। तब मैंने एई से वार्ता की थी। एई ने कहा कि कुछ देर में मिस्त्री पहुंच जाएगा। दोबारा कॉल की तो कहा कि पहुंच रहा होगा, लेकिन शाम तक मिस्त्री नहीं पहुंचा। सुबह नगर आयुक्त से इस प्रकरण की शिकायत की जाएगी। श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।
–**श्याम सिंह**, पार्षद शांति विहार

# भाजपा पार्षद ने सेक्स रैकेट संचालिका पर मकान कब्जाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 72 लाख रंगदारी मांगने का भी आरोप, प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** इंद्रा नगर वार्ड के भाजपा पार्षद सतीश चंद्र मम्मा ने राजेन्द्र नगर में एक मकान पर कब्जा करने और 72 लाख रुपये की रंगदानी मांगने का आरोप सेक्स रैकेट संचालिका मंजीत कौर पर लगाया है। पार्षद की तहरीर पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पार्षद सतीश चंद्र मम्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने मंजीत कौर से 10 मई 2019 को राजेन्द्र नगर स्थित मकान को 48 लाख रुपये में खरीदा था।

5 फरवरी 2022 को उनके पक्ष में विक्रय भी हो चुका है। आवास विकास परिषद, नगर निगम और विद्युत विभाग में भी मकान उनके नाम दर्ज है। पार्षद का आरोप है कि सौदा होने के बाद मंजीत ने कुछ समय के लिए मकान में 15 हजार रुपये मासिक लाइसेंस फीस पर रहने की अनुमति मांगी, लेकिन कुछ महीनों बाद मंजीत ने मकान खाली करने से इन्कार कर दिया और अब 72 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रही है। जब उन्होंने मकान खाली करने की बात की तो मंजीत ने उनके खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, जो जांच में फर्जी पाई गई। इसके बाद कोर्ट में केस कर दिया, जिसे खारिज कर दिया गया। अब मंजीत ने एक अन्य शिकायत न्यायालय में दाखिल की है, जिसकी कोई तामील उन्हें अब तक नहीं मिली है।

पुलिस के मुताबिक 6 जून की रात सीओ प्रथम आशुतोष शिवम के नेतृत्व में थाना प्रेमनगर पुलिस ने राजेन्द्र नगर स्थित मकान बी-9 में छापेमारी की थी। वहां से मंजीत कौर के साथ नवाबगंज निवासी सोहेल, बानखाना निवासी सुमित सागर और एक युवती को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मंजीत को जेल भेजा गया था। सतीश चंद्र ने बताया कि वर्तमान में मंजीत की गैरमौजूदगी में मकान में मनदीप कौर, राजविंदर कौर और जसविंदर कौर सहित अन्य लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्हें आशंका है कि ये लोग मकान किसी अन्य को न सौंप दें या अवैध रूप से कब्जा न कर लें।






# रबड़ फैक्ट्री : भूमि वापस लेने को वाद दर्ज कराने की शासन से मांगी अनुमति

- यूपीसीडा के अधिकारियों की ओर से प्रमुख सचिव औद्योगिक अनुभाग को भेजा गया पत्र
- राज्य सरकार पांच साल से रबर फैक्ट्री की 13 सौ एकड़ भूमि पर नहीं ले पा रही कब्जा

**बरेली, अमृत विचार :** ढाई दशक से बंद फतेहगंज पश्चिमी की रबर फैक्ट्री की 13 सौ एकड़ जमीन पर कब्जा लेने के लिए प्रशासन ने एक कदम आगे बढ़ाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने जमीन पर कब्जा लेने के लिए जिला कोर्ट में वाद दर्ज कराने के लिए शासन से अनुमति मांगी है। यूपीसीडा के क्षेत्रीय कार्यालय से औद्योगिक अनुभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद वाद दर्ज कराया जाएगा। बॉम्बे हाईकोर्ट में केस की पैरवी में लगे वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सलाह पर प्रशासन स्थानीय कोर्ट में वाद दर्ज कराने की तैयारी में जुटा है।

दरअसल, शासन ने पिछले साल दिसंबर में रबर फैक्ट्री की जमीन वापस लेने के लिए जिला प्रशासन को बॉम्बे हाईकोर्ट के साथ डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में अलग से वाद दर्ज कराने को मंजूरी दी थी। वहां वाद दर्ज कराने के लिए शासन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किया। दोनों अधिवक्ताओं ने केस की स्टडी की। बॉम्बे हाईकोर्ट से दिसंबर 2023 में आए फैसले का भी अधिवक्ताओं ने अध्ययन किया, जिसमें राज्य सरकार को पक्षकार बनने के लिए संशोधित प्रार्थना पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। केस को समझने के बाद दोनों अधिवक्ताओं ने प्रशासन को सुझाव दिया कि वह फैक्ट्री की भूमि पर पजेशन लेने के लिए बरेली जिला जज की कोर्ट में डीजीसी (सिविल) के जरिये वाद दर्ज कराएं। इसके बाद प्रशासन ने मंथन शुरू किया। हाल ही में यूपीसीडा के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से वाद दर्ज कराने के लिए अनुमति लेने को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजा गया। प्रशासनिक अफसरों ने बताया, अभी शासन से अनुमति नहीं मिली है।

दरअसल, रबड़ फैक्ट्री के लिए 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3.40 लाख रुपये में 1382.23 एकड़ भूमि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने लीज पर दी थी। लीज डीड में यह शर्त शामिल थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। फैक्ट्री 15 जुलाई 1999 से बंद है। प्रशासन जमीन वापस लेने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में केस लड़ रहा है।

# उपभोक्ता आयोग ने रकम अदा न करने पर जारी की आरसी

**विधि संवाददाता, बरेली:** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्या मुक्ता गुप्ता और प्रशांत मिश्रा की पीठ ने आदेश के एक साल बाद भी उपभोक्ता को रकम अदा न करने पर अम्बे मोटर्स के खिलाफ बुधवार को आरसी जारी कर दी है।

आयोग ने पिछले वर्ष किला के पंजाबपुरा निवासी उपभोक्ता अनमोल श्रीवास्तव के वाद में निर्णय देते हुए मथुरापुर स्थित अम्बे मोटर्स प्रबंधक को कार की मरम्मत न कराने पर 20 हजार रुपये की रकम बतौर मुआवजा अनमोल को दो माह में देने का आदेश दिया था।

वादी ने अपने अधिवक्ता रामकुमार सारस्वत के जरिए आयोग में अर्जी देकर बताया था कि 29 अक्टूबर 2021 को रोनाल्ड कार 2 लाख 17 हजार रुपये देकर अम्बे मोटर्स से खरीदी थी। दो वर्ष तक की वारंटी दी थी, लेकिन कार में तेल टपकने, एसी न चलने, गर्म हो जाने की शिकायत शुरुआत से आने लगी। अम्बे मोटर्स ने मरम्मत में 10 हजार रुपये खर्च करने पर ठीक करना बताया। वर्कशॉप पर कार मरम्मत के लिए छोड़ दी। 9470 मरम्मत बिल बताकर 22876 रुपये का बिल वसूलने का आरोप लगाया था।

# सरकार की नीतियों और संविदा प्रथा को लेकर आंदोलन का ऐलान



नगर निगम सभागार में बैठक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम के सभागार में यूनियन के पदाधिकारियों ने की बैठक

**अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में बुधवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने बैठक कर सरकार की नीतियों और संविदा प्रथा को लेकर 8 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ठाकुर मिशनपाल सिंह ने कहा कि 8 जुलाई को कर्मचारी सभी विभागों में प्रदर्शन कर अपनी ताकत दिखाएंगे। इसके बाद 9 जुलाई को विकास भवन के पास धरना देंगे और जनसभा होगी।

कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार की संविदा और ठेका प्रथा की नीतियों पर कड़ा विरोध किया जाएगा। क्योंकि ठेके पर रखे जा रहे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और नियमित कर्मचारियों की संख्या घट रही है। हमारी मांग है कि न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये तय करना, संविदा-ठेका प्रथा को खत्म करना, महंगाई और बेरोजगारी को रोकने के लिए कदम उठाना और सरकारी उपक्रमों जैसे बैंक, बीमा और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण नहीं होना चाहिए। बैठक में संजीव मेहरोत्रा, मोहम्मद फैसल, जितेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सिंह, महक सिंह, राम सिंह पटेल, राजन सैनी, प्रभाकर सैनी आदि शामिल रहे।

# फर्नीचर कारोबारी ने फंदा लगाकर जान दी

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** नगर के जाखनी इलाके में बुधवार सुबह फर्नीचर कारोबारी का की दुकान में फंदे से लटका शव मिला। शुरुआती जांच में पाया कि कारोबारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के गांव सिदौली, थाना मीरगंज के रहने वाले हरदेव शर्मा (53) काफी समय पहले पिथौरागढ़ में परिवार सहित आकर बस गए थे। वह करीब 26 साल से पिथौरागढ़ में हरदेव फर्नीचर हाउस नाम से दुकान चला रहे थे और कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जाखनी में पत्नी बबली शर्मा, एक बेटे और तीन बेटियों के साथ रह रहे थे। बुधवार सुबह हरदेव शर्मा का शव उनकी फर्नीचर की दुकान में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से भारी कर्ज से परेशान थे। हाल ही में उन्होंने अपनी एक बेटी की शादी भी की थी। कोतवाली प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कर्ज समेत अन्य तमाम पहलुओं के आधार पर मामले की जांच की रही है।

# महिला के नाम से अज्ञात ने लिया लोन

**सीबीगंज, अमृत विचार :** एक महिला के नाम पर किसी ने फाइनेंस कर्मचारी से साठगांठ कर पहले लोन लिया। कुछ किस्त जमा कर किस्त देना बंद कर दिया और लोन का सेटलमेंट करा दिया। थाना सीबीगंज पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मथुरापुर स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी माला देवी के मुताबिक उसका अकाउंट एसबीआई शाखा में है। उसके नाम से किसी व्यक्ति ने फर्जी कागजात तैयार कर 1.34 लाख रुपये का लोन ले लिया, फिर लोन की कुछ ईएमआई दीं। इसके बाद ईएमआई भी देना बंद कर दिया, जिससे उसका खाता डिफॉल्ट हो गया।

# मंडल में 20 हजार बच्चे मिले डायरिया ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडल में डायरिया रोगियों के मामले में पहले स्थान पर बरेली जिला
- अब तक सामने आ चुके 7 हजार रोगी, लगातार बढ़ती जा रही संख्या

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों में हुई बारिश से गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है, लेकिन इससे पहले के 15 दिनों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा, जिससे बड़ी संख्या में लोग बीमारियों की चपेट में आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीती 30 जून को जारी मंडलीय रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

मंडल में डायरिया का प्रकोप चरम पर है, चारों जिलों में 20539 बच्चों में डायरिया की पुष्टि हुई है वहीं हैरत की बात ये है कि सबसे अधिक डायरिया ग्रसित बच्चों के मामले में पहले स्थान पर बरेली जिला है।

**टीमों ने घर-घर चलाया था अभियान :** विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 16 जून से 30 जून तक शासन के आदेश पर मंडल में तैनात 10606 आशा कार्यकर्ताओं ने डायरिया रोको अभियान के तहत घर-घर जाकर डायरिया के लक्षण वाले बच्चों को चिह्नित किया था।

इसमें बरेली में 7779, बदायूं में 3745, पीलीभीत में 2324 और शाहजहांपुर में 6691 बच्चे डायरिया की चपेट में मिले हैं। इस बाबत रिपोर्ट भी विभाग ने शासन को भेज दी है।

**एक माह से फुल है वार्ड :** डायरिया का प्रकोप बच्चों पर इस कदर हावी है कि बरेली के जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में मरीजों के लिए आरक्षित 27 बेड भी कम पड़ रहे हैं। यहां अतिरिक्त बेड भी बढ़ाए गए हैं। बावजूद इसके डायरिया से ग्रसित बच्चों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी वार्ड में दोपहर 3 बजे तक कुल 25 बच्चे भर्ती थे जिनमें 19 बच्चे डायरिया की चपेट में हैं।

डायरिया ग्रसित बच्चे अधिक होने का कारण है कि टीमों ने समय पर बच्चों को चिह्नित कर इलाज आरंभ कराया, जिससे बच्चे स्वस्थ भी हुए हैं। हालांकि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ही डायरिया रोको अभियान भी चलाया जा रहा है।
– **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ बरेली।

### परिजन बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. वैभव शुक्ला के अनुसार, डायरिया का प्रकोप गर्मी में तेजी से बढ़ता है। इसका मुख्य कारण है, दूषित खानपान और साफ-सफाई है, इसलिए परिजनों को गर्मी के दौरान बच्चे का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। बच्चे में डायरिया के लक्षण होने पर फौरन डॉक्टर की सलाह लेना अनिवार्य है।

# बिजली चोरी के आरोप में 16 पर कार्रवाई

**आंवला, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की टीम ने मनौना गांव में चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने 16 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में कार्रवाई की है। टीम ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में गांव के शौकीन, मुस्तफा, जाकिर हुसैन, धर्मवती पत्नी बसंत राम, पुरुषोत्तम, यशपाल, परमानंद, खुदाजहां पत्नी कदीर अहमद, सलमा पत्नी इश्तियाक, मोहम्मद रफीक, नफीस, सरवरी पत्नी इरशाद हुसैन, मुन्नी पत्नी रफी अहमद, शहाना पत्नी वकील अहमद, मिथलेश पत्नी नत्थू सिंह और नवीन पाठक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। टीम में जेई मनोज यादव, प्रदीप स्वामी, राजेश, डालचंद आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### सहकारी समिति पर नहीं खाद, किसान परेशान

**गुलड़िया, अमृत विचार** : बड़ागांव सहकारी समिति पर दो महीने से खाद उपलब्ध नहीं है। किसान बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीद कर धान की रोपाई कर रहे हैं। धान की रोपाई के वक्त डीएपी और एनपीके खाद की जरूरत होती है, लेकिन सहकारी समिति पर खाद न आने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि खाद न मिलने के कारण धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसान किशनपाल, मानसिंह, चरन सिंह, ऐदल, नन्हे, वीरपाल आदि किसान आए दिन सोसाइटी पर पहुंच रहे हैं, खाद न मिलने पर खाली हाथ लौट रहे हैं। सहकारी समिति के सचिव योगेंद्र कुमार ने बताया कि एक-दो दिन में खाद आ जाएगी। एडीओ राघवेंद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही खाद आ जाएगी।

### घर के बाहर से ई रिक्शा चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार** : नकटिया स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी बिस्मिल हुसैन ने बताया कि उन्होंने अपना ई-रिक्शा 21 जून की रात घर के सामने खड़ा किया था। 22 जून की सुबह देखा तो वहां से ई रिक्शा गायब था। पास की दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो फुटेज में दो व्यक्ति ई रिक्शा चोरी करके ले जाते दिखाई दिए। पीड़ित ने मंगलवार देर रात थाने में तहरीर दी।

### मकान में चोरी करने वालों ने धमकाया

**रिठौरा, अमृत विचार** : गांव भंडसर के बेचेलाल ने पुलिस चौकी में दी तहरीर में बताया कि उनके दो घर हैं। एक घर निजी स्कूल के पड़ोस में है। वह शाम को दूसरे घर में खाना खाने गए थे। इस बीच गांव के ही तीन युवकों ने उनके घर से सामान चोरी कर लिया। आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# पंचायत में तय हुआ निकाह बरात लेकर नहीं पहुंचा प्रेमी

## घर में चल रही थी निकाह की तैयारी, लड़की पक्ष ने दी तहरीर

संवाददाता, नवाबगंज

- जेल जाने के डर से निकाह करने को हो गया था राजी, फिर मुकरा
- युवक के पिता ने पंचायत में लिखित में दिया था आश्वासन

**अमृत विचार** : पंचायत में निकाह तय होने के बाद प्रेमी युवती के घर बरात लेकर नहीं पहुंचा। लड़की पक्ष ने फोन किया तो प्रेमी से निकाह करने से इन्कार कर दिया। जबकि युवती के घर में निकाह की तैयारियां चल रही थीं। बरातियों के लिए खाना तैयार किया जा चुका था। लड़की पक्ष ने प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है।

दरसअल, थाना क्षेत्र की एक युवती पांच दिन पहले हाफिजगंज क्षेत्र के हरहरपुर मटकली निवासी प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। युवती की भाभी ने प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। हालांकि बाद में युवती बरामद हो गई। इसके बाद मामले में पंचायत बैठी। जेल जाने से बचने के लिए प्रेमी युवती से निकाह करने को राजी हो गया। पंचायत में तय हुआ कि बुधवार को दोनों को निकाह होगा। इस फैसले पर प्रेमी के पिता ने लिखित आश्वासन भी दे दिया। युवती पक्ष ने निकाह की तैयारी शुरू कर दी। बुधवार को जब बरात नहीं आई तो युवती के परिजनों ने प्रेमी के घरवालों को फोन किया। प्रेमी ने निकाह करने से साफ मना कर दिया। इसपर युवती भाभी के साथ सीधे कोतवाली पहुंची। भाभी ने पुलिस को तहरीर देकर प्रेमी और उसके घरवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।


बरातियों के लिए बन रहा था खाना। ● अमृत विचार

# बरसात में पशुओं में बढ़ा वायरल व बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खुरपका-मुंहपका, रेबीज, पर्वो समेत कई तरह के संक्रमण की चपेट में आ रहे पशु
- आईवीआरआई के पशु चिकित्सालय में बीमार पशुओं की बढ़ी संख्या

**अमृत विचार:** मानसून की दस्तक के साथ ही पशुओं में वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली के अंतर्गत संचालित रेफरल पॉलीक्लीनिक वेटरनरी क्लिनिक (आरवीसी) में बीते कुछ दिनों से बीमार पशुओं की संख्या में बड़ा इजाफा देखा जा रहा है।

आईवीआरआई के आरवीसी में इन दिनों बड़ी संख्या में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी), रेबीज, पर्वो (ब्लड पैरासाइट्स), गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन, त्वचा रोग और श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारियों से ग्रसित गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते और अन्य पशु उपचार के लिए लाए जा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बारिश के मौसम में नमी और गंदगी के कारण रोगजनक बैक्टीरिया और वायरस तेजी से सक्रिय हो जाते हैं, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है।

आरवीसी प्रभारी डॉ. अभिजीत पावड़े के अनुसार, इन दिनों हर रोज 60 से 70 पशु इलाज के लिए आ रहे हैं। इनमें से अधिकांश खुरपका-मुंहपका और रोटावायरस जैसे संक्रमण से पीड़ित हैं। कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने से पशु की हालत गंभीर हो जाती है। पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे बारिश में पशुओं को कीचड़ और गंदगी से दूर रखें, समय-समय पर टीकाकरण कराएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साथ ही, बुखार, मुंह में छाले, लार गिरना या चलने-फिरने में परेशानी जैसे लक्षण दिखते ही तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## सार-संक्षेप

### वन महोत्सव : अफसरों ने किया पौधरोपण



**देवरनियां, अमृत विचार** : मन महोत्सव के तहत बुधवार को बरेली-काठगोदाम रेल मार्ग की भूमि पर मुख्य अतिथि एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, नगर पालिका बहेड़ी अध्यक्ष रश्मि जयसवाल, बोबी जयसवाल, सीओ अरुण कुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह चौहान, उप वनक्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव ने पौधरोपण किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के कुल 150 पौधे रोपे गए। राहुल राठी, भारत भूषण, एमके यादव, बलवंत सिंह, एस एस चौधरी, मानसिंह प्रधान, एमएच रस्तोगी, बलवंत रावत, सत्यपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

### इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला



**नवाबगंज, अमृत विचार** : मोहर्रम की 6 तारीख को ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला में इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान उलमा-ए-इकराम ने करबला की जंग, हक, सब्र और कुर्बानी की मिसाल पेश करने वाले इमाम हुसैन की शहादत का विस्तार से जिक्र किया। ग्रामीणों ने जगह-जगह लंगर और सबील का इंतजाम किया। ग्राम प्रधान इरशाद अहमद, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद जकी एडवोकेट, महफूज अकरम, आदिल शाह, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे।

### हजरत अली असगर की शहादत पर रोए अकीदतमंद



**सैंथल, अमृत विचार** : कस्बे में मोहर्रम पर चल रही अजादारी का सिलसिला जारी है। बुधवार को अकीदतमंदों ने हजरत अली असगर की शहादत पर आंसू बहाए। अकीदतमंदों ने आग पर मातम किया। इमामबाड़ा कला में शबीहे गहवारा की जियारत कराई गई। इमामबाड़ा खुर्द से अलम व डोले का जुलूस उठा। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस देर रात इमामबाड़ा खुर्द पर जाकर समाप्त हो गया। इसमें आबिस हसनैन, निजाम हुसैन, उजैर जैदी, काशिफ जैदी, इकबाल हैदर, शारिफ हुसैन आदि ने मर्सियाख्वानी की। सुबह जफर अब्बास के आवास से शुरू हुआ मजलिसों का सिलसिला देर रात इमामबाड़ा कला पर समाप्त हुआ। इमामबाड़ा कला में मजलिस के बाद हजरत अली असगर के शबीहे गहवारे की जियारत कराई गई। इस दौरान अंजुमन असगरिया ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इमामबाड़ा काजमैन में भी अंजुमन पंजेतनी की ओर से गहवारा अली असगर की जियारत कराई गई। वहीं, गदीर चौक पर अकीदतमंदों ने आग पर मातम किया।

### मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुस्कान ने पदभार ग्रहण किया



**फरीदपुर, अमृत विचार** : डॉ. राजेश सक्सेना की पुत्री डॉ. मुस्कान ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से एमबीबीएस पूर्ण कर अनिवार्य शासकीय बांड के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफिसर के रूप में पद ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी डॉ. अनुराग गौतम आदि मौजूद रहे। डॉ. राजेश सक्सेना ग्राम करतौली में राजकीय कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं।

### जर्जर मार्ग पर फंसा ट्रक, क्रेन से खींचना पड़ा



**बिशारतगंज, अमृत विचार** : कस्बे में टाउन एरिया दफ्तर वाला रोड बारिश के चलते बेहद खराब हो गया है। जहां से लोगों का निकलना दूभर हो गया है। बुधवार को इस मार्ग पर लकड़ी भरा ट्रक फंस गया। क्रेन की मदद से ट्रक को निकाला गया। कई घंटे तक मार्ग बाधित रहा। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चेयरमैन मोहम्मद ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी ने बताया कि इस रास्ते का टेंडर हो चुका है। बारिश के कारण काम रुका हुआ है। जल्द रोड बन जाएगा।

## डॉ. शमशुल जिला कांग्रेस के महासचिव और तौफीक बने सचिव

**नवाबगंज, अमृत विचार** : जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कस्बा निवासी डॉ. शमशुल हसन अंसारी को महासचिव और सभासद तौफीक अहमद को जिला सचिव मनोनीत किया है।

नगर अध्यक्ष अरशद अली, ब्लाक अध्यक्ष डॉ. दत्तराम गंगवार, शब्बीर अहमद , मो. यूनुस, सलीम अंसारी, मो. इरफान अनवर, मो. गुलाम जिलानी, महफूज आलम, मुमताज अहमद आदि ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# डंपर की टक्कर से कपड़ा व्यापारी की मौत

- तेज रफ्तार डंपर ने कार को 20 मीटर तक घसीटा
- बदायूं के अलापुर के रहने वाले थे शहनवाज, सदमे में परिजन

**आंवला, अमृत विचार** : डंपर की टक्कर से कार सवार कपड़ा व्यापारी की मौत हो गई। डंपर कार को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के अनुसार जिला बदायूं के अलापुर निवासी शहनवाज (30) रेडीमेड कपड़ों के होलसेल व्यापारी थे। बुधवार सुबह वह कार से आंवला में किसी दुकानदार को कपडे. पहुंचाने आ रहे थे। आंवला-बदायूं रोड पर धर्मपुर और कनगांव गांव के बीच डंपर ने उनकी कार में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मौके की स्थिति देखने पर पता चला है कि चालक डंपर को साइड में करने के लिए कार को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।


शहनवाज (फाइल फोटो)

**अज्ञात वाहन की टक्कर**

### कार की टक्कर से मां-बेटी गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : कार ने नेशनल हाईवे पर सड़क पार करते समय मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गईं। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा है। शाही के गांव बीथम नौगमा निवासी पुष्पा मां रामा देवी के साथ हाईवे किनारे स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर जा रही थीं। सड़क पार करते समय कार ने टक्कर मार दी। जिससे मां-बेटी घायल हो गईं। पुलिस ने टक्कर मारकर भाग रही कार को पकड़ लिया।

### युवक की मौत, साथी घायल

**भदपुरा, अमृत विचार** : बरखेड़ा से घर आ रहे दो दोस्तों की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। गांव अब्दला के भगीरथ और उमाशंकर किसी काम से बरखेड़ा गए थे। दोनों बुधवार रात करीब 9 बजे घर आ रहे थे। नवाबगंज बरखेड़ा हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। भागीरथ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उमाशंकर घायल हो गए। घायल को पीलीभीत स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक है।

# नहीं खुलेगी लाईखेड़ा की पुरानी पुलिया

- लोनिवि के सहायक अभियंता ने पुलिया को बताया कमजोर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** लाईखेड़ा की पुरानी पुलिया नहीं खुलेगी। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता प्रदीप गंगवार के अनुसार पुलिया कमजोर है। पुरानी पुलिया लोहे की कैंची पर टिकी हुई है। कैंची के सिरे गल चुके हैं। इस पुलिया को खोजने से हादसा हो सकता है। दरअसल, ग्राम में सिंधैया नाले पर पुलिया बनने के बाद इसे पुलिया पर अवरोध लगा दिए गए हैं। इससे वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। एक दिन पहले ग्रामीणों ने पुरानी पुलिया खुलवाने की मांग की थी। हंगामा होने पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत कराया था। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। उन्हें पुरानी पुलिया की स्थिति से अवगत कराया। वहीं, पूर्व प्रधान जगत सिह, वर्तमान प्रधान अफजाल खां के साथ ही ग्रामीणों कहना है कि इस पुलिया से ग्रामीणों का आवागमन रहता है, इसलिए पैदल राहगीरों और छोटे वाहनों के लिए इसे खोल दिया जाए।


अवरोधक लगाकर पुरानी पुलिया से आवागमन रोका गया। ● अमृत विचार

## तेंदुआ दिखने का वीडियो फिर वायरल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** खेतान फैक्ट्री परिसर में तेंदुआ दिखने का फिर वीडियो वायरल हो रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

दरअसल, तीन दिन पहले फैजुल्लापुर ग्राम में बंद पड़ी खेतान फैक्ट्री परिसर में चौकीदार ने तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया था। चौकीदार ने इसकी वीडियो बनाई थी, जो वायरल हुई थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में कांबिंग शुरू कर दी। फैक्ट्री परिसर में पिंजरा लगा दिया, मगर अभी तक तेंदुआ का पता नहीं चला है। चौकीदार अजय पाठक ने बताया कि तेंदुआ दिन भर झाड़ियों में छुपा रहता है। रात में ही निकलता है।

# बिना अनुमति के डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाने पर प्रधान पति गिरफ्तार


गांव में सुरक्षा के मद्देनजर तैनात की गई पुलिस। ● अमृत विचार

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : सरकारी भूमि पर बिना प्रशासनिक अनुमति के डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाने के मामले में पुलिस ने प्रधान पति को गिरफ्तार किया है। वहीं, आपसी सहमति से प्रतिमा को हटवा दिया गया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात है। गांव खतोला हुलास कुंवर में सोमवार रात कुछ लोगों ने बिना अनुमति के सरकारी जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगा दी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी ने बताया कि प्रधान पति मुश्ताब अली खां की प्रतिमा लगवाने में सहमति थी। फिलहाल, गांव में पुलिस तैनात है।

## बूम का तार टूटा, वाहन चालकों का हंगामा

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : रेलवे स्टेशन की पूर्वी क्रॉसिंग पर वाहन चालकों ने हंगामा किया।

मंगलवार रात करीब 9:30 बजे ट्रेन पास कराने के लिए गेट मेन ने क्रॉसिंग को बंद किया। इसी दौरान बूम को उठाने वाला तार टूट गया। ट्रेन पास होने के बाद जब काफी देर तक क्रॉसिंग नहीं खुली तो वाहन चालकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान गेटमैन और वाहन चालकों के बीच नोकझोंक हुई। डायल 112 पुलिस भी आ गई। काफी देर बाद हंगामा शांत हुआ। रात 12.30 बजे के बाद बूम ठीक हो सका। टीआई सत्यवीर सिंह ने बताया कि बूम का तार टूटने की जानकारी मिली थी। तीन घंटे तक क्रॉसिंग का गेट बंद रहा।

# शादी का झांसा देकर छात्रा से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

- दवा खिलाकर गर्भपात कराने का आरोप, विरोध पर धमकाया

**कैंट, अमृत विचार :** एक छात्रा ने नर्सिंग छात्र पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना देवरनिया क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह कैंट क्षेत्र में एक कॉलोनी में किराए पर रहकर बीए की पढ़ाई कर रही है। उसी मकान में बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र का रहने वाला नर्सिंग का छात्र किराए पर रहता है। छात्रा का आरोप है 15 नवंबर 2024 को मकान मालिक अपने गांव गए हुए थे। तभी नर्सिंग छात्र ने दरवाजे की चाबी लेने के बहाने उससे बातचीत की। उनके बीच दोस्ती हो गई। छात्र ने छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। छात्रा गर्भवती हो गई। आरोपी छात्रा को नैनीताल के एक होटल में ले गया, वहां भी संबंध बनाए। बाद में छात्र ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। 31 मई को आरोपी ने छात्रा के साथ मारपीट की और पानी के टैंक में डुबा कर मारने का प्रयास किया। 25 जून को छात्रा शादी की बात करने आरोपी के घर गई। आरोपी के परिजनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।

# नहीं आई दूसरी किस्त, पक्की छत का इंतजार

संवाददाता, बिशारतगंज

- अटका पीएम आवास योजना के तहत मकान का निर्माण

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कई पात्र ऐसे हैं, जिन्हें पक्की छत का इंतजार है। उन्हें अभी तक दूसरी किस्त नहीं मिल पाई है। उनके मकान का निर्माण अटका हुआ है। पन्नी डालकर लोग गुजर बसर कर रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात में होती है, मगर विभागीय अफसरों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

कस्बा के वार्ड 8 लोहिया नगर लाइन पर की रहने वाली शीला देवी पत्नी नन्हे ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। वर्ष 2021 में नगर पंचायत की ओर से पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। प्रथम किस्त आई तो उन्होंने अपनी झोपड़ी तुड़वाकर दीवारें बना लीं, लेकिन अब तक उन्हें दूसरी किस्त नहीं मिली है। इस कारण अभी तक उन्हें पक्की छत नहीं मिल पाई है। इस वजह से वह पन्नी डालकर रह रही हैं। योजना के तहत सर्वे करने के नाम पर एक कर्मी उनके घर आया। जल्द दूसरी किस्त दिलाने का झांसा देकर उनसे पांच हजार रुपये ठग लिए। अभी तक उनके मकान का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। बारिश के मौसम में हालात बद से बदतर हो जाते हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में डूडा विभाग के अफसर ही सही जानकारी दे सकते हैं। डूडा विभाग के प्रभारी परियोजना अधिकारी रामजनम यादव ने बताया कि वह मामले की जानकारी कराकर लाभार्थी की समस्या का शीघ्र समाधान कराएंगे।


जानकारी देते पात्र।

# एसडीएम ने कान्हा गोशाला की व्यवस्थाओं को परखा


कान्हा गोशाला में गाय को गुड़ खिलाते अधिकारी। ● अमृत विचार

**मीरगंज, अमृत विचार :** एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने नगर पंचायत की ओर से संचालित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गोवंश हरा चारा खाते मिले। उन्होंने गोशाला में गोवंशों को गुड़ खिलाया। परिसर में साफ सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। चेयरमैन योगेन्द्र गुप्ता, ईओ प्रियंका, लव गुप्ता, राजीव गिरी, बबलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कार्यमुक्त होने के लिए भटते रहे शिक्षक, नहीं मिले बीईओ

संवाददाता, देवरनियां

- ब्लॉक में 60 शिक्षकों को सरप्लस घोषित होने के बाद दूसरे स्कूलों में हुआ है स्थानांतरण

**अमृत विचार :** ब्लॉक में करीब 60 शिक्षकों को सरप्लस घोषित होने के बाद दूसरे स्कूलों में स्थानांतरण हुआ है, लेकिन मंगलवार को कार्यमुक्ति का आदेश बीएसए की ओर से होने के बावजूद ब्लाक कार्यालय में इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

ब्लाक कार्यालय पर कई शिक्षक बीईओ की गैरमौजूदगी के चलते कार्यमुक्त होने के लिए भटकते रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय का मर्जर शिक्षा और शिक्षक दोनों पर प्रहार है। एक तरफ छात्रों को स्कूल विलय कर परेशान किया जा रहा है तो दूसरी तरफ शिक्षकों की ठीक से सुनवाई नहीं हो रही है। जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गंगवार, जिला संयुक्त मंत्री और ब्लॉक मंत्री तपन सिंह मौर्य लगातार ब्लाक में स्कूल विलय के विरोध में आवाज उठा रहे हैं।

**रिछा के 72 में से 14 विद्यालयों का विलय :** 50 छात्र संख्या से कम वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय की प्रक्रिया जारी है। बुधवार को विकास खंड के चिह्नित 72 विद्यालयों में से 14 का विलय कर दिया गया। वहीं, शिक्षक संघ इसको लेकर विरोध जता रहा है। जिले में कुल 617 विद्यालय को विलय किया जाना है। बंद होने वाले कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या दस और तीन शिक्षक थे।

### एक में तीन विद्यालयों का विलय

प्राथमिक विद्यालय गोपाडांडी का विलय प्राथमिक विद्यालय पिपरा में, प्राथमिक विद्यालय बाजपुर, प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर और प्राथमिक विद्यालय मितीपुर का प्राथमिक विद्यालय जोखनपुर में विलय हुआ है। प्राथमिक विद्यालय गौटिया रामनगर का प्राथमिक विद्यालय जाफरा में, प्राथमिक विद्यालय टाह और प्राथमिक विद्यालय कासमपुर का सीयूपीएस अभयपुर, प्राथमिक विद्यालय कनमन, प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर और प्राथमिक चन्द्रपुर चुपकिया का प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया में विलय हुआ है। प्राथमिक विद्यालय नानकार का सीयूपीएस रहपुरा गनीमत में, प्राथमिक विद्यालय अनुरुद्रपुर का सीयूपीएस जागनडांडी में, उच्च प्राथमिक विद्यालय रिछा का सीयूपीएस बंजरिया में विलय हुआ है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी फर्म ''शारदा प्लाईवुड'', जिसका कार्यालय गाटा संख्या 247, ग्राम टिसुआ, ग्राम- हरेला, तहसील-फरीदपुर, जिला-बरेली पर स्थित है, का नाम अब बदलकर ''मैगनस पैनलस'' कर दिया गया है साथ ही, अब इस फर्म में विनायक गुप्ता को साझेदार के रूप में जोड़ा गया है। पूर्व फर्म के सभी दायित्व, लेन-देन, अनुबंध, अधिकार और उत्तरदायित्व यथावत रहेंगे। संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि भविष्य में सभी कार्यवाही और पत्राचार ''मैगनस पैनलस'' के नाम से करें।
**लोकेश अग्रवाल साझेदार**

**सूचना**

हमने अपने दोनों पुत्रों टिंकू सिंह, शिवकुमार व उनकी पत्नियां आरती व प्रियंका सिंह को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्यामबिहारी पुत्र श्री मंगली एवं सरोजा पत्नी श्री श्यामबिहारी निवासी रम्पुरा रतन तह. फरीदपुर जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
**अनुभवी मैनेजर, स्टाफ की**
**सम्पर्क करें:**
**होटल राधारमन**
ईसाइयों की पुलिया, सैटेलाइट, बरेली
मो. 9927643191

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम गोला में मार्कशीट से बीमा कराने पर पॉलिसी संख्या 215978579 में नाम देशराज दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड और अन्य प्रपत्रों में नाम मदनलाल है। दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है एवं दोनों नामों से जाना, पहचाना जाता है। **मदनलाल पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम फूलबेहड़ पोस्ट मुर्तिहा जिला लखीमपुर- खीरी।**

**SHIPCRAFT HANDICRAFT PRODUCER COMPANY LIMITED**
invite application for Supply of 50 improved Zari & Zardozi tools kit for more information
Contact at: 8430176820
7906610305
Last Date of Submission 17-07-2025
Faridpur, Bareilly

**सूचना**

मैं अपने पुत्र शाहदाब के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। **यासीन खॉ पुत्र अनवार खॉ व जीनत पत्नी यासीन खॉ निवासीगण ग्राम सिसरका थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।
असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते हैं। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते हैं लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत


वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट है: तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां

भारत सरकार ने 2015 में ‘स्मार्ट सिटी मिशन’ की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी ‘वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग’ की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में ‘स्मार्ट सिटी मिशन’ की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, ‘अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन’ (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र “इंसीडेंट” मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ ‘सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल’ (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में ‘वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन’ अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में ‘तैरते पड़ोस’ जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में ‘स्पंज सिटी’ योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को ‘वेस्ट’ नहीं, ‘रिसोर्स’ की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए “रेन वॉटर हार्वेस्टिंग” सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल ‘प्रोजेक्ट्स’ नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी ‘ई-रक्त कोष’ मुहिम

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेहताशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त ‘रेयर ब्लड’ का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के ‘ब्लड बैंक’ सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। ‘राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष’ को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा ‘भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद’ के तहत मुंबई स्थित ‘राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान’ ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण ‘दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री’ रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। ‘ब्लड ठग’ खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही ‘ब्लड बैंक’ ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को ‘ऑनलाइन ई-रक्त कोष’ बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी ‘रक्त पोर्टल’ को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद ‘कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए’ है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई , शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार ।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक “लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट” अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है । एक बात और समझना होगा कि “वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है ।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को ज़िंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का ‘अटेंशन स्पैन’ तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और ‘संज्ञानात्मक अधिभार’ यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग “पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ‘’शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एसडीओ की समझदारी से टल गया हादसा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की फारुख की पुलिया से ताजिया निकाले जाने के कारण इलाके की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। इसी बीच किसी शातिर ने वार्ड के सभासद के हस्ताक्षर कराकर एसडीओ राजेन्द्र सिंह से ताजिया निकल जाने की बात कहते हुए आपूर्ति सुचारू करने का पत्र दे दिया। एसडीओ ने अवर अभियंता साबिर खां को मौके पर भेजा तो दो युवक तार पकड़ कर ताजिया निकलवा रहे थे, जिसे देख वह दंग रह गए और पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले सभासद से कड़ी नाराजगी जताई। वहीं सभासद ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उन्होंने बिना देखे पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए थे। एसडीओ की समझदारी से बड़ा हादसा होने से बच गया।

# परीक्षण : जीवांश कार्बन, आयरन और नाइट्रोजन से बिगड़ रहा मिट्टी का संतुलन

महिपाल गंगवार, बरेली

- पिछले साल 15 हजार मिट्टी के नमूनों की जांच में सच सामने आने के बाद सतर्क हुए अफसर
- अफसर बोले-किसानों को किया जा रहा जागरूक ताकि वह खेती की स्वयं सुधार सकें सेहत

**अमृत विचार:** किसान रासायनिक उर्वरकों का अधिक प्रयोग कर मिट्टी की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह सच्चाई पिछले साल 15 हजार से अधिक खेतों से लिए गए मिट्टी के नमूनों के परीक्षण में सामने आई है। मिट्टी में जीवांश कार्बन, नाइट्रोजन और आयरन तत्व की कमी पाई गई है। इसका बुरा असर खेती पर पड़ रहा है। इस रिपोर्ट से कृषि वैज्ञानिक चकित हैं। कृषि विभाग ने किसानों को जागरूक करने का सिलसिला शुरू किया है ताकि वह अपनी खेती की सेहत स्वयं सुधार सकें।

कृषि विभाग हर वर्ष जिले के अलग-अलग खेतों से मिट्टी लेकर प्रयोगशाला में जांच कराता है, ताकि मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में पता चल सके और उसी हिसाब से उर्वरक का इस्तेमाल किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के अलग-अलग खेतों की मिट्टी के 15 हजार नमूनों की जांच की गई।

रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण तत्वों की कमी पाई गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक जीवांश कार्बन की मात्रा 0.50 से 0.75 पार्ट पर मिलियन प्रति हेक्टेयर के बीच होनी चाहिए मगर 0.30 ही आई है। वहीं नाइट्रोजन का स्वस्थ मिट्टी में मानक 280 से 560 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होना चाहिए मगर यह सिर्फ 83.25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पाया गया है। इसके अलावा आयरन की मात्रा 4.5 पार्ट प्रति मिलियन प्रति हेक्टेयर होनी चाहिए मगर 2.74 ही आई है। फॉस्फोरस की मात्रा मानक के अनुसार 15 से 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक होनी चाहिए मगर 13.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पाई गई, जो ठीक है। पोटेशियम की मात्रा 120-180 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होनी चाहिए जो 145 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर मिली है जो सही है।


बिलवा स्थित मृदा परीक्षण केंद्र पर मिट्टी की जांच करते कर्मचारी। (फाइल फोटो)

कृषि विज्ञानियों के अनुसार जीवांश कार्बन एक तरह से मिट्टी के पोषक तत्व का घर होता है, इसकी कमी होने से फसल का विकास अपेक्षा अनुरूप नहीं होता और पैदावार तमाम प्रयास के बाद भी कम हो जाती है, जबकि किसी भी मिट्टी में पौधे की बढ़वार के लिए नाइट्रोजन की मात्रा सामान्य होना आवश्यक है। इसके बढ़ने से फसल की बढ़वार अपेक्षा से कम होती है।

### जांच में इन तत्वों की मात्रा भरपूर

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि मिट्टी में पीएच, पोटाश, सल्फर, जिंक, कॉपर, मैग्नीज, बोरान, फास्फोरस जैसे तत्वों की भरपूर मात्रा में पाई गया है, लेकिन इन तत्वों भर से मिट्टी को सेहतमंद नहीं कहा जा सकता है। चूंकि प्रमुख चार तत्वों की कमी के कारण जिले में मिट्टी की सेहत खराब पाई गई है।

### गोबर और जैविक खाद का इस्तेमाल करने की जरूरत

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि वर्ष 2023-24 के परिणाम में सल्फर, जिंक, आयरन, मैंगनीज तत्व की भारी कमी सामने आई थी। अब मृदा में कंपोस्टऔर परिणाम के आधार पर संतुलित उर्वरक के प्रयोग से 2025 में इनमें कुछ सुधार आया है। हालांकि स्थिति अभी चिंताजनक है। रासायनिक उर्वरक से दूरी बनाते हुए किसानों को अधिकाधिक मात्रा में गोबर एवं जैविक खाद का इस्तेमाल करने की जरूरत है।

## सार-संक्षेप

### तीन माध्यमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल सबराहा, बहेड़ी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कचनेरा, दमखोदा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज का बुधवार को डीआईओएस अजीत कुमार ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से पढ़ाये जा रहे विषय पर जानकारी ली। उन्हें नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रधानाचार्य और शिक्षकों से विद्यालय में शिक्षण कार्यों में सुधार करने और नामांकन बढ़ाने को कहा।

### एक किलो अफीम के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने मंगलवार रात ताड़गंज बेहटा चौहान मार्ग के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार किया। तीनों के पास से एक किलो दो सौ बाहत्तर ग्राम अफीम, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हरिओम वर्मा निवासी मौर्य मोहल्ला कस्बा, केशव निवासी आवसीय कॉलोनी मोहल्ला ताड़गंज, संजय यादव निवासी मोहल्ला ताड़गंज बताया। पुलिस के अनुसार तीनों युवक दोस्त हैं। महंगे शौक पूरे करने के लिए ये लोग अफीम की तस्करी करते हैं। पूलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है।

### कार सवार युवक को तमंचे के साथ दबोचा

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने मंगलवार देर रात आंवला बिसौली रोड स्थित एक मजार के समीप से कार सवार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपना नाम ज्ञानदीप यादव निवासी कुड्डा थाना भमोरा और हाल निवासी पटी गली कस्बा आंवला बताया है। पुलिस ने कार सीज कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा है।

### मकान से युवक और महिलाओं को हिरासत में लिया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम रिछोला किफायतुल्ला के पास एक बंद पड़े मकान से पुलिस ने कुछ महिलाओं और युवाओं को हिरासत में लिया है। चर्चा है कि मकान में सेक्स रैकेट चलता था। बुधवार शाम करीब पांच बजे किसी ने पुलिस को इस मकान में कुछ युवक और महिलाओं के होने की सूचना दी। पुलिस ने छापा मारकर पांच महिलाओं व पांच युवाओं को हिरासत में ले लिया। युवक व महिलाएं आसपास के क्षेत्र के रहने वाले हैं। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### वन महोत्सव के तहत ब्लॉक में किया पौधरोपण



**मीरगंज, अमृत विचार :** बुधवार को विकास खंड परिसर में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया। ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, बीडीओ भगवानदास ने पौधा रोपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडीओ पंचायत वीरपाल सिंह, एडीओ आई एस बी यश प्रकाश, होरी लाल गंगवार, विशाल कुमार, योगेश कुमार, अमित पटेल, सुशील कुमार, शशांक शर्मा, कुलदीप, महावीर, आदि मौजूद रहे।

### बाबा बर्फानी के दर्शन को जत्था रवाना



**फरीदपुर, अमृत विचार :** बाबा बर्फानी अमरनाथ के दर्शन के लिए कस्बे से श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने जत्थे को रवाना किया। आचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने शिव भक्तों को तिलक कर उन्हें सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। संजीव कुमार, अवधेश कुमार, रजनीश अग्रवाल, रूपल अग्रवाल, हर्षुल अग्रवाल, राजेंद्र पाल सिंह, सुरेश मौर्य, सुरेश कुमार, पप्पू मौर्य, शंकर मौर्य, सत्यपाल यादव, विनोद कुमार, टीटू मौर्य, सुनील गौड़, रितु देवी, पुष्पा, सानू यादव, चंद्रभान यादव आदि मौजूद रहे।

### साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** गांव ग्रेम में बुधवार को महिला कांस्टेबल रूपदेई, साकार संस्था से कमलेश, तारा देवी और वूमेन चाइल्ड वेल्फेयर सोसायटी बरेली ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। बताया कि ओटीपी नंबर किसी के साथ साझा न करें, मोबाइल पर कोई अधिकारी बनकर कॉल कर खाता संबंधी जानकारी मांगे तो न दें। यह सब साइबर ठगों की चाल होती है।

### डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया आठ से शुरू होगी

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया 8 जुलाई से प्रारंभ होगी। मेरिट लिस्ट नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं काउंसलिंग के लिए निर्धारित तिथि पर अंक पत्रों के साथ उपस्थित हों। यह जानकारी प्राचार्य प्रो. एस.के सिंह ने दी है।

### भागवत कथा को दिया विश्राम

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के एक बरात घर में चल रही भागवत कथा को बुधवार को विश्राम दिया गया। कथा व्यास पंडित कमलकांत शास्त्री ने रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया। सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा, विनोद शर्मा, हर प्रसाद गुप्ता, दिनेश मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# निजीकरण के विरोध में 9 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने विरोध सभा का आयोजन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बुधवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के निजीकरण का जमकर विरोध किया। संघर्ष समिति के मध्यांचल संयोजक राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि विद्युत प्रशासन ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों को देकर पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। जिससे प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बिजली कर्मी पिछले सात माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनसे वार्ता नहीं की गई है।

संयोजक विपुल शुक्ला ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है। कहा कि निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। प्रदेश विद्युत मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि निजीकरण के बाद यहां के उपभोक्ताओं की सब्सिडी समाप्त होने का अर्थ होगा कि उपभोक्ताओं को 10 से 12 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बिजली खरीदनी पड़ेगी जो वे नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को लालटेन युग में धकेला जा रहा है। इस मौके पर वैभव, अनुज सक्सेना, इशरार अहमद, इंजी. अंकित गंगवार पूनम पांडे, नीमा आदि शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता वी के ग्वाल व संचालन विपुल शुक्ला ने किया।



विरोध सभा में मौजूद समिति के पदाधिकारी। • अमृत विचार

## श्रम बल, बेरोजगारी और जनसंख्या अनुपात पर होगा सर्वेक्षण

**बरेली, अमृत विचार:** विकास भवन स्थित सभागार में बुधवार को पीएलएफएस सर्वे-2025 के तहत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। जिसमें अफसरों को श्रम बल, बेरोजगारी और जनसंख्या अनुपात पर सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अजय सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अजय सिंह ने प्रतिभागियों को सर्वे के तकनीकी पक्ष, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया एवं गुणवत्ता मानकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से क्षेत्रीय एवं जिला स्तर के आंकड़ा संकलनकर्ता और सुपरवाइजर मौजूद रहे। इस मौके पर बरेली सहित मुरादाबाद, बदायूं, शाहजहांपुर एवं पीलीभीत जिलों के अधिकारी व फील्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

# एआरवी व एआरएस के लिए आठ किमी की दौड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सौ बेड अस्पताल में है एआरवी केंद्र, गंभीर मरीजों को एआरएस लगवाने को भेजा जा रहा जिला अस्पताल

**अमृत विचार :** करीब दो साल से 300 बेड अस्पताल में एआरवी केंद्र का संचालन हो रहा है। रोजाना 200 से 300 मरीज कुत्ता, बंदर और बिल्ली समेत अन्य जानवरों के काटने के बाद वैक्सीन लगवा रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक दिक्कत ऐसे मरीजों को उठानी पड़ रही है जो कि जानवर के हमलों में गंभीर घायल हो रहे हैं। ऐसे मरीजों को एंटी रैबीज सिरम यानि एआरएस लगाया जाता है, लेकिन एआरएस की सरकारी सप्लाई न होने से मरीजों को यहां से जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। तीन सौ बेड अस्पताल से जिला अस्पताल की दूरी करीब 8 किलोमीटर है ऐसे में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी हो रही है।

### केंद्र पर ही क्यों नहीं भेजा जा रहा एआरएस

जिला अस्पताल प्रबंधन लोकल खरीद कर गंभीर मरीजों को लगाने के लिए एआरएस की उपलब्धता रखता है, लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ने पर एआरवी केंद्र पर आने वाले मरीज निजी मेडिकल स्टोर से खरीद कर स्टाफ से एआरएस लगवाने को मजबूर हैं। इस संबंध में जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि एआरएस की उपलब्धता जिला अस्पताल में इसलिए रहती है कि इमरजेंसी में कभी भी गंभीर घायल मरीज आ जाता है।

### करंट से छह भेड़ों की मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** गांव मझरा निवासी रूपराम पाल ने बताया कि उनके भेड़ों के बड़े के पास पोल टूट गया था। विद्युत विभाग ने दूसरी लाइन से सप्लाई चालू कर दी थी। बुधवार शाम टूटे हुए पल से करंट बाड़े में पहुंच गया, जिससे छह भेड़ों की मौत हो गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, **क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम :** टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख :** 04.07.2025

वमंविइं/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-72 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# नायब तहसीलदार पर लगाए गंभीर आरोप, तहसील में हंगामा

संवाददाता, आंवला

- शिकायत पर एसडीएम ने तहसीलदार को दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने नायब तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील में हंगामा किया। मामले की शिकायत एसडीएम से की गई है। एसडीएम ने तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं।

सिरौली के गांव कतुरइया मजरा रुखाड़ा निवासी रामौतार ने आरोप लगाया कि जमीन को लेकर उसका मुकदमा नायब तहसीलदार सिरौली न्यायालय में चल रहा था। आरोप है कि नायब तहसीलदार ने गुमराह कर उससे 2 लाख 75 हजार रुपये ले लिए, जबकि दूसरे पक्ष से पांच लाख रुपये लेकर उसके पक्ष में फैसला कर दिया। आरोप है कि नायब तहसीलदार ने सोमवार को 2 लाख 50 हजार रुपये वापस कर दिए थे। वह बुधवार को नायब तहसीलदार के पास अपने 25 हजार रुपये वापस लेने गया था। आरोप है कि उन्होंने उसे 10 हजार रुपये वापस किए। इस दौरान उसने रुपये लेने की मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग कर ली। जैसे ही वह कार्यालय से बाहर निकला। आरोप है कि तभी नायब तहसीलदार ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसमें से वीडियो समेत अन्य डेटा डिलीट कर दिया। पीड़ित ने शेष 15 हजार रुपये दिलाने और नायब तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम से शिकायत की है।

> मुकदमे का फैसला एक पक्ष के हित में हुआ है। यदि दूसरा पक्ष इससे संतुष्ट नहीं है तो वह अग्रिम न्यायालय जा सकता है। उक्त व्यक्ति उनके कार्यालय में मोबाइल से वीडियो बना रहा था। जिसे छीन लिया गया था। व्यक्ति भाग गया था। उसका मोबाइल उसके साथ आए व्यक्ति को दे दिया गया था। रुपये के लेनदेन और वीडियो डिलीट करने का आरोप निराधार है।
> –**दीपक कुमार**, नायब तहसीलदार सिरौली

### नायब तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग

आंवला बार एसोसिएशन 26 जून से नायब तहसीलदार दीपक कुमार का स्थानांतरण कराने की मांग कर रही है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार अधिवक्ताओं एवं वादकारों के साथ अमार्यादित व्यवहार करते हैं। इससे अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार न्यायालय का अनिश्चित काल के लिए बहिष्कार कर दिया है। वहीं, नायब तहसीलदार दीपक कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

> उक्त मामले में शिकायत मिली है। तहसीलदार को जांच सौंपी गई है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।
> –**विदुषी सिंह**, एसडीएम आंवला

# सुस्त सर्वर तो कहीं आधार से लिंक मोबाइल नंबर बदलने से समस्या

- 30 जून तक 2.29 लाख लाभार्थियों का फेस कैप्चरिंग और ई केवाईसी करने का था आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण में पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए फेस कैप्चरिंग और ई केवाईसी की प्रक्रिया काफी सुस्त चल रही है। यही वजह है कि अंतिम तिथि 30 जून तक सभी लाभार्थियों की फेस कैप्चरिंग और ई केवाईसी नहीं हो सकी है। कहीं सुस्त सर्वर तो कहीं आधार से लिंक मोबाइल नंबर बदल जाने से समस्याएं आ रही है। पुराना आधार कार्ड होने की वजह से एप पर चेहरा मिलान भी नहीं हो पा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती, धात्री और बच्चों को पोषाहार वितरण कराया जाता है। जिले में 2857 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। दो लाख 29 हजार के करीब लाभार्थियों को पोषाहार का वितरित होता था लेकिन वितरण में गड़बड़ियों की शिकायतें आईं। इस वजह से पारदर्शिता लाने के लिए कई माह पहले शासन स्तर पर लाभार्थियों का चेहरा मिलान (फेस कैप्चरिंग) और ई-केवाईसी कराने का निर्णय लिया गया था। विभागीय अफसरों के अनुसार 30 जून तक सभी लाभार्थियों का फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी करने का आदेश दिया गया था, मगर शत प्रतिशत नहीं हो सका है। इसकी कई वजह हैं। सबसे ज्यादा समस्या सर्वर डाउन रहने से हो रही है। इसके अलावा लाभार्थियों के आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर के बदल जाने से ई-केवाईसी करते समय ओटीपी नहीं जा रहा है। बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास हाई स्पीड डाटा उपलब्ध नहीं होने से भी दिक्कतें आ रहीं हैं।

### विनय दोबारा मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत

**क्योलड़िया :** भाजपा के भदपुरा मंडल अध्यक्ष की टीम की घोषणा हुई, जिसमें बबूरा निवासी विनय सिंह को दोबारा मंडल उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। विधायक डॉ. एमपी आर्य, रवि शंकर गंगवार, शशि कपूर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

दिनांक- 02-07-2025

**नीलामी सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 04-07-2025 को दोपहर 02 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

प्रधान सचिव

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 33/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : **1.** इज्जतनगर डिवीजन के अन्तर्गत ऑटो कोरिनेटर्स के लिए ए.एम.सी. एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति (इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूं, कासगंज, मथुरा, पीलीभीत, काठगोदाम, फतेहगढ़ एवं कन्नौज में 3 वर्षों के लिए कुल 43 पम्पिंग स्टेशन)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,07,02,553.20, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,03,500/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 36 माह। **1.** ई–निविदा दिनांक 24.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), इज्जतनगर**

मुजाधि/डब्लू – 144

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date - 30.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई–निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ इज्जतनगर**

मुजाधि/विद्युत –73

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं. 105/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गाड़ी संख्या 05062/05061 टनकपुर - मथुरा विशेष गाड़ी का विस्तार अचनेरा स्टेशन तक किया जा रहा है, तथा गाड़ी संख्या 05062/05061 टनकपुर-अचनेरा के रूप में संचालित की जायेगी। विस्तृत विवरण निम्नवत् है :-

**गाड़ी सं० 05062/05061 टनकपुर-अचनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी**

**गाड़ी सं. 05062 - टनकपुर से प्रत्येक बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 03.07.2025 से 31.07.2025 तक**

**गाड़ी सं. 05061 - अचनेरा से प्रत्येक बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 03.07.2025 से 31.07.2025 तक**

| 05062 टनकपुर - अचनेरा | | | 05061 अचनेरा - टनकपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04.35 | टनकपुर | 23.35 | --- |
| 04.58 | 05.00 | खटीमा | 22.48 | 22.50 |
| 05.30 | 05.32 | पीलीभीत | 22.13 | 22.15 |
| 06.03 | 06.05 | भोजीपुरा | 21.36 | 21.38 |
| 06.20 | 06.22 | इज्जतनगर | 21.18 | 21.20 |
| 06.40 | 06.45 | बरेली सिटी | 20.55 | 21.00 |
| 06.55 | 06.57 | बरेली | 20.35 | 20.37 |
| 07.38 | 07.40 | बदायूँ | 19.33 | 19.35 |
| 07.51 | 07.53 | उझानी | 19.20 | 19.22 |
| 08.18 | 08.20 | सोरों | 18.53 | 18.55 |
| 08.50 | 09.00 | कासगंज | 18.30 | 18.40 |
| 09.22 | 09.24 | सिकंदराराव | 17.53 | 17.55 |
| 10.03 | 10.05 | हाथरस सिटी | 17.26 | 17.28 |
| 11.10 | 11.12 | मथुरा छावनी | 16.55 | 16.57 |
| 11.30 | 11.40 | मथुरा | 16.35 | 16.45 |
| 12.30 | --- | अचनेरा | --- | 15.50 |

मुजाधि/टी– 22 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**OFFICE, ZILA BASIC SHIKSA ADHIKARI, LAKHIMPUR KHERI**
Adress:- Near Vikas Bhavan, Lakhimpur Kheri, (UP), Pin 262701
Email:- mislakhimpur@gmail.com

Reference: SSA 2018-13/2025-26 Date - 01-07-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Office of the Zila Basic Shiksha Adhikari, Lakhimpur-Kheri, invites Bids for "Purchasing of Children Friendly Furniture in Primary School having Co- Located Anganwadi Centers" via tender Number GEM/2025/B/6196008. The Request for Proposal document shall be made available from the Gem Portal website https://gem.gov.in/ on Dt 02.07.2025. Interested Parties may Download/upload their proposal form Dt 02.07.2025 To 23.07.2025 Till 05:00 hrs. The bids received by interested parties shall be opened in the presence of the respective tender evaluation committee on 24.07.2025 at 11:30 hrs. Details regarding the tender shall be made available on https://gem.gov.in/

**Zila Basik Shiksa Adhikari**
**Lakhimpur-Kheri (UP)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा सादात वि.खं. नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टाडा सादात वि.खं. नवाबगंज जिला बरेली वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो को कराए जाने हेतु रेता–सीमेन्ट ईट, बजरी, लोहा, सामान की सामग्री, आवश्यक रूप से सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 03.07.2025 को 10 बजे से 04.07.2025 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 04.07.2025 दोपहर 2 बजे पंचायत घर कार्यालय टाडा सादात में खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | गुलाम गोस की जगह से तालाब तक सी.सी. नाली निर्माण। | 665000 |
| 2 | जुलफिकार के घर से भूरा के घर तक सी.सी. नाली निर्माण। | 690000 |

**हुस्न बानो** **विपिन सक्सेना**
**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहाँपुर**

पत्रांक :- 1175/डूडा/ई–निविदा/2025–26 दिनांक 02.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर द्वारा संचालित मूलभूत नगरीय सुविधायें एवं आवास (एस0सी0एस0पी0) योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत इण्टरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण आदि कार्यो से सम्बन्धित 02 निर्माण कार्यो के लिये द्वितीयवार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 03.07.2025 से दिनांक 16.07.2025 तक सायं 05:00 बजे तक ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का विवरण एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उक्त निविदायें निर्धारित समयान्तर्गत डाउनालोड/अपलोड किये जा सकते हैं। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 17.07.2025 को समय अपरान्ह 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। अगर किसी कारणवश कोई अवकाश पड़ जाता है या कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्यदिवस में उसी समय निविदायें खोली जायेगी।

**परियोजना अधिकारी**
**जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)**
**शाहजहाँपुर**

## रिक्त होने वाले पदों की चयन प्रक्रिया में विलंब

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून 2026 तक पदोन्नति के बाद विभागों में रिक्त होने पर पदों पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया करने की हिदायत दी थी। प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होनी थी, मगर विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से चयन प्रक्रिया शुरू करने होने में विलंब हो रहा है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार ने चेतावनी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभागों में वर्तमान में लंबित पदोन्नति के साथ ही आगामी 30 जून 2026 तक पदोन्नति से भरी जाने वाली रिक्तियों की गणना 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर, 15 अगस्त 2025 तक चयन प्रक्रिया शुरू कर ली जाए, अन्यथा अपर मुख्य सचिव व सचिव को विलंब की वजह स्पष्ट करनी होगी। मुख्य सचिव ने बुधवार को समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी किए हैं।

# उच्च न्यायालय ने अमर ज्योति के निदेशकों की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

## वादी की कमजोर पैरवी के कारण कोर्ट ने 21 तक गिरफ्तारी पर लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निदेशकों की गिरफ्तारी के लिए पीड़ितों का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा
- अमर ज्योति यूनिवर्स प्राइवेट लिमिटेड निदेशकों पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप

**अमृत विचार:** अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के निदेशक के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले में बुधवार को उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान रोक लगा दी। वादी द्वारा मजबूत पैरवी न कर पाने के कारण उच्च न्यायालय ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक तिथि 21 जुलाई तक बढ़ा दी है। वहीं पीड़ित का बार एसोसिएशन के बैनर तले मालवीय आवास पर धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा।

शहर के मीरा सराय स्थित अमर ज्योति यूनिवर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज है। असद अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वादी असद के अधिवक्ता की पैरवी काफी कमजोर रही।

उनकी पैरवी की वजह से उच्च न्यायालय ने निदेशकों की गिरफ्तारी पर 21 जुलाई तक रोक लगा दी है। वहीं दूसरी ओर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अरविंद पाल सिंह परमार और पवन गुप्ता की ओर से दर्ज एफआईआर में कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 जुलाई लगाई है। इधर अमर ज्योति के निदेशकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मालवीय आवास गृह पर बार एसोसिएशन के बैनर तले पीड़ितों का चौथे दिन भी धरना जारी रहा।


धरना प्रदर्शन करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## खेत में खाद लगा रहे युवक पर बाघ का हमला, घायल

**बंडा, अमृत विचार :** गन्ने के खेत में पिता और भाई के साथ खाद लगा रहे युवक पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। युवक के चीखने पर उसके पिता और भाई समेत अन्य किसान मौके पर जा पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही बाघ वहां से गायब हो गया। परिजन तुरंत उसे बंडा के सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

बुधवार सुबह बंडा के गांव बरीबरा निवासी सियाराम अपने 25 वर्षीय पुत्र विमल और 21 वर्षीय पुत्र हरेंद्र प्रताप के साथ गन्ने के खेत में खाद लगा रहे थे। सुबह करीब 11 बजे हरेंद्र के ऊपर बाघ ने हमला कर दिया जिससे वह डर गया और चिल्लाने लगा। शोर सुनकर उसी खेत में खाद लगा रहे उसके पिता सियाराम और भाई विमल दौड़कर उसके पास पहुंचे तो देखा कि वह लहूलुहान अवस्था में घायल पड़ा है और उसके मुंह के नीचे से खून बह रहा है।

# तहसीलदार का फर्जी आदेश बनाने में पेशकार समेत तीन फंसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जमीन में हेराफेरी करने को बनाए थे कूटरचित दस्तावेज

**अमृत विचार:** पुवायां तहसील के तत्कालीन पेशकार, रजिस्ट्रार कानूनगो और कंप्यूटर ऑपरेटर तहसीलदार का फर्जी आदेश बनाकर आरसीसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने में फंस गए हैं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर एडीएम न्यायिक राशिद अली ने जांच की तो जालसाजी का खुलासा हो गया।

पता चला कि पेशकार विजय श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार कानूनगो दिनेश पांडेय और कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र सिंह ने जमीन के स्वामित्व में हेराफेरी करने के लिए तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर का फर्जी आदेश बनाकर जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी की है। डीएम ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश पुवायां तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी को दिया है। साथ ही कहा है कि रिपोर्ट दर्ज कराकर सूचना जिलाधिकारी को भेज दें। एडीएम की जांच के बाद डीएम की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि मिसिलबन्द रजिस्टर पर दर्ज वाद को ऑनलाइन पोर्टल आरसीसीएम पर बिना वैध प्रक्रिया के बदल दिया गया। इसे ग्राम डुन्डवा की वंदना कौशल बनाम जसवंत राय के नाम पर अपलोड कर दिया।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक की जांच रिपोर्ट और अरुण सोनकर की रिपोर्ट में साफ बताया कि उक्त आदेश के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर फर्जी हैं और रिपोर्ट भी बिना हस्ताक्षर के प्रस्तुत की गई थी। एडीएम की जांच रिपोर्ट में तत्कालीन पेशकार विजय श्रीवास्तव, आरके दिनेश पांडेय, प्राइवेट ऑपरेटर धर्मेंद्र सिंह को प्रथम दृष्ट्या दोषी माना गया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार पुवायां को आदेशित किया है कि सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 338 के तहत एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

# सवा करोड़ के ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के साथ तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिहार से हो रही थी तस्करी, नेटवर्क खंगालने में जुटी एसटीएफ

**अमृत विचार :** राजधानी में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के अवैध निर्माण और उसकी खरीद-बिक्री के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ व एफएसडीए की संयुक्त टीम ने काकोरी स्थित एक मकान में बुधवार को छापा मारकर नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के काले कारोबार का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान मकान से 5,87,880 एमएल ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन व अन्य सामान बरामद किया है। बरामद माल की कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये बतायी जा रही है। एसटीएफ बिहार से सप्लाई करने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एएसपी एसटीएफ अमित नागर ने बताया कि सूचना मिली कि बिहार से अवैध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की सप्लाई की जा रही है। जिसके बाद निरीक्षक दिलीप तिवारी की टीम ने छानबीन की। पता चला कि कुछ लोग गिरोह बनाकर बिहार राज्य से भारी मात्रा में अवैध आक्सीटोसिन इंजेक्शन को तस्करी के माध्यम से मंगाकर उसमें मिलावट करके लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में सप्लाई करते हैं। उक्त इंजेक्शन जानवरों सहित जन मानस के लिए भी बहुत ही घातक है।

पड़ताल के दौरान बुधवार को एसटीएफ व एफएसडीए के डिप्टी कमिश्नर बृजेश सिंह की टीम ने बुद्धेश्वर चौराहे से मोहान जाने वाले रोड पर एक मकान में छापा मारकर तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में अनमोल पाल निवासी मायापुरम बुद्धेश्वर पारा, खगेश्वर निवासी ग्राम बसंत सिंह बिसवां सीतापुर व अवधेश पाल निवासी बुद्धेश्वर मॉडल सिटी मोहान रोड पारा बताया।


बोरों में भरे नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन।

### जानवरों का दूध निकालने में आता है काम

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल पशुओं के दूध निकालने, सब्जियों एवं फलों को कम समय से अधिक विकसित होने के लिए किया जाता है।

## कुत्ते के हमले में दो बच्चों समेत छह घायल, दो गंभीर

**लखीमपुर, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव गुलौला में मंगलवार शाम एक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों समेत छह लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। इससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ग्रामीणों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। सभी घायलों को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में चार साल के दिव्यांश और 11 वर्षीय सोनी की हालत गंभीर है। घटना के बाद गांव के साथ ही आसपास के गांवों में भी आवारा कुत्तों की दहशत बढ़ गई है।

मंगलवार शाम करीब सात बजे आवारा घूम रहा एक कुत्ता लोगों को काटने लगा। इससे गांव में हड़कंप मच गया। कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय दिव्यांश पर हमला कर दिया। उसे गिराकर गर्दन काटने की कोशिश की, इससे उसकी गर्दन पर गहरे घाव हो गए। वहीं 11 वर्षीय सोनी के पेट और पीठ को नोचकर गहरे घाव कर दिए।

# शाहजहांपुर में सीबीआई चीफ और जज बनकर की ठगी, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** प्रगतिशील किसान को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाना और एसआजी ने सीबीआई चीफ और जज बनकर ठगी करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह का सरगना फरार है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे मोबाइल, एटीएम कार्ड, पासबुक बरामद की है। गिरोह डिजिटल अरेस्ट का काम करते थे।

चौक कोतवाली के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी शरद चंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 मई को उसके पास एक फोन आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को सीबीआई का चीफ विजय खन्ना बताया था। आरोपी ने कहा था कि वित्त मंत्रालय से जुड़े केस में पूछताछ होनी है। काल करने वाले आरोप लगाया था कि पीड़ित के खाते से सेंट्रल बैंक मुंबई में दो करोड़ 80 लाख रुपये ट्रांसफार हुए है। आरोपी से कहा था कि जज के सामने पेश होना होगा। धोखाधड़ी के केस में जमानत देने के नाम पर 14 दिन तक फंसाए रखा। गिरोह ने एक करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये ठगकर खाते में ट्रांसफर करा लिए थी। एएसपी सिटी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने जांच शुरू की। पुलिस को एक ऐसा खाता मिला और सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी सचिन निवासी रेलवे कालोनी जिला झांसी, गौतम सिंह निवासी संगम बिहार नई दिल्ली, प्रशांत निवासी आगरा, संदीप कुमार निवासी खुर्जा जिला बुलंदशहर, सैयद सैफ निवासी भारत कालोनी थाना खेड़ी पुल जिला फरीदाबाद, आर्यन शर्मा निवासी श्रीराम कालोनी थाना मसूरी जिला गाजियाबाद, पवन यादव निवासी कनौरा सुनौनिया जिला टीकमगढ़ है।

### 40 बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी धनराशि

अभियुक्तों ने पीड़ित को गुमराह करते हुए 2 करोड़ 80 लाख रुपये का गैर कानूनी ट्रांजेक्शन होने की जानकारी दी थी। वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट किया था। आरोपियों ने मामले में बरी कराने के नाम पर 1 करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये खाते में ट्रांसफार करा लिए थे। इसके बाद 40 बैंकों में धनराशि ट्रांसफर की गई थी। 71 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन हैदराबाद के कॉर्पोरेट खाते में किया था। उसी दिन तीन करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ था।

### एक आरोपी एमबीए पास

अभियुक्त गौतम सिंह एमबीए पास है। उसने दिल्ली से एमबीए किया था। एमबीएस पास समेत अभियुक्त दस प्रतिशत कमीशन पर काम करते थे। यह गिरोह डिजिटल अरेस्ट करने वालों के लिए काम करते थे। अभियुक्त गिरोह के सरगना की मदद करते थे।

## पूर्व सपा सांसद ने हिंदू संगठनों की तुलना आतंकवादियों से की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटलों की चेकिंग करने वाले संगठन की तुलना आतंकवादियों से की। कहा कि सिविलियन (नागरिक) का काम होटल में जाकर हिंदू या मुसलमान की पहचान करना नहीं है, यह काम सरकार का है।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर होटल स्वामियों की चेकिंग करने वाले महाराजा यशवीर हिंदू संगठन के सदस्यों को लेकर बुधवार को डॉ. एसटी हसन ने कहा कि हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं को मजहब की पहचान करके मारा गया था। वही काम कुछ हिंदू संगठनों द्वारा किया जा रहा है। यह भी टेरर फैलाने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में भाईचारा बना रहने दिया जाए। हिंदू-मुसलमान एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। मुसलमान भी कांवडियों के लिए भंडारा और टेंट लगाते हैं।

# सीआरआई फंड से उप्र में होगा 10 सेतुओं का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बढ़ेगी कनेक्टिविटी, लोकनिर्माण विभाग ने तैयार किया खाका

**अमृत विचार :** एक्सप्रेसवे स्टेट का स्वरूप ले रहे उत्तर प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक खाका तैयार किया गया है जिसके तहत सेतु बंधन की 10 परियोजनाओं को 1,111 करोड़ की लागत से पूरा करने की तैयारी है। इस योजना के जरिए जिन सेतुओं का निर्माण होना प्रस्तावित है उसमें मुख्यतः रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) और रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सीआरआई फंड से मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्यों को पूरा करने की तैयारी है।

दरअसल, सीआरआई फंड के इस्तेमाल से लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में जिन 10 आरओबी व आरयूबी के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पर काम किया जाना है उसे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि कार्यों के चयन का निर्धारण टीयूवी व उपयोगिता के आधार पर किया जाता है। टेन व्हीकल यूनिट्स (टीयूवी) लेवल क्रॉसिंग गेट्स के वर्गीकरण में इस्तेमाल होने वाला एक टर्म है। यह दर्शाता है कि एक दिन में औसतन कितनी ट्रेनें और यातायात वाहनों का उस सेक्शन से आना-जाना होता है।

ऐसे में, सेतुओं के निर्माण में उन सेक्शंस पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है जिनकी टीयूवी संख्या अधिक है और इसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर कार्य हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 1,111 करोड़ की लागत से 10 सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी गई थी, जिस पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में कार्य होना प्रस्तावित है। इनमें से प्रत्येक सेतुओं के निर्माण में 50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी और इनके पूरा होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग चिंताजनकः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री और भारतीय सेना तथा उसके अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यद्यपि हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता किसी व्यक्ति को भारत के प्रधानमंत्री, भारतीय सेना और उसके अधिकारियों के प्रति असम्मानजनक वीडियो और अन्य पोस्ट करने की अनुमति नहीं देती है। ऐसे विचार एक ओर भारतीय नागरिकों के बीच में वैमनस्यता उत्पन्न करते हैं और दूसरी ओर अलगाववाद को बढ़ावा देते हैं, जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने अशरफ खान उर्फ निसरत की जमानत याचिका खारिज करते हुए की, जिसके खिलाफ पुलिस स्टेशन सासनी, हाथरस में बीएनएस की धारा 152 और 197 के तहत मामला दर्ज किया गया था, क्योंकि उसने भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान अपने फेसबुक आईडी पर संपादित वीडियो अपलोड किए। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची निर्दोष है। उसने आपत्तिजनक पोस्ट अग्रेषित नहीं किए। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि गणमान्य व्यक्तियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करके भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना कुछ लोगों के समूहों के बीच फैशन बन गया है, जिसे समाप्त करने की सख्त आवश्यकता है।

### प्रयागराज में महाकुंभ के बाद घाटों पर कचरा कुप्रबंधन को लेकर याचिका दाखिल



विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज में महाकुंभ के बाद विभिन्न घाटों पर फैले कचरे के कुप्रबंधन को लेकर दाखिल जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 14 के तहत पर्यावरणीय मामलों की सुनवाई करने का विशेषाधिकार एनजीटी के पास सुरक्षित है और वह इन मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निवारण कर सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने याची को अपनी शिकायतों के निवारण हेतु अधिकरण से संपर्क करने का सुझाव दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने अंशिका पांडेय व सात अन्य विधि प्रशिक्षुओं द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में मानसून के मद्देनजर त्रिवेणी घाट (झूंसी), संगम घाट और बलुआ घाट पर कचरा प्रबंधन को लेकर चिंता जताई गई थी।

## योगी आज करेंगे आईएमएलसी की लॉन्चिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर परिवर्तित कर रही राज्य सरकार वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास करने जा रही है। उत्तर प्रदेश इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (यूपी-आईएमएलसी) के 27 नोड्स की लॉन्चिंग सीएम योगी द्वारा गुरुवार को की जाएगी।

प्रदेश के विभिन्न एक्सप्रेसवेज किनारे विकसित हो रहे इन नोड्स का विकास उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा किया जा रहा है। यह न केवल सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, बल्कि कई मायनों में खास है। एक ओर, यह एक्सप्रेसवे के रूप में उत्तम कनेक्टिविटी उपलब्ध कराते हुए औद्योगिक क्लस्टर्स की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा। वहीं, दूसरी ओर मैन्युफैक्चरिंग के लिए कॉरिडोर के तौर पर कार्य करने के साथ ही लॉजिस्टिक्स मूवमेंट के लिए हब की भी स्थापना होगी।

# परिवार ने जिसका शव दफनाया, वह निकला जिंदा

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

- मुंबई से आया फोन, पुलिस नए सिरे से जांच में जुटी

**अमृत विचार :** हैलो! मैं मोहर्रम पर घर आ रहा हूं। फोन पर युवक की आवाज सुनते ही न सिर्फ पूरा परिवार बल्कि गांव वाले स्तब्ध रह गए। परिवार में जिस युवक के चालीसवां की तैयारी चल रही थी, उसके जिंदा होने पर सब सन्न रह गए। उधर, पुलिस भी सकते में आ गई है। फिलहाल पुलिस युवक के गांव आने का इंतजार कर रही है, मगर इसी के साथ पूरे मामले की नए सिरे से जांच करने की तैयारी शुरू कर दी है।

यह अजीबो-गरीब मामला अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव का है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरवारहट गांव में 27 जून को 40 वर्षीय एक युवक का शव मिला था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर फोटो डाली थी। फोटो देखकर अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव के रहने वाले शमसुल पुत्र गुलमीर ने अपने चचेरे भाई नूर मोहम्मद के रूप में पहचान की थी। नूर मोहम्मद के पिता तौफीक का इंतकाल हो चुका है। शमसुल ने अपने पड़ोसी नसीम खान के साथ मर्च्युरी में शव को देखकर नूर मोहम्मद के रूप में पहचाना था।

उन्होंने पुलिस को बताया था कि नूर मोहम्मद मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया था। परिवार के लोग शव लेकर घर पहुंचे थे और फिर रात में ही उसे गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। इस समय परिवार के लोग नूर मोहम्मद का चालीसवां करने की तैयारी में जुटे थे। परिवार के युवक की मौत और चालीसवां की तैयारी के बीच घर का माहौल गम में बदला था।

मंगलवार को परिवार और गांव वाले उस समय सन्न रह गए, जब मुंबई से नूर मोहम्मद का गांव के एक दोस्त के पास फोन आया। उसने मोहर्रम पर घर आने की जानकारी दी।

# समाज के हित में नहीं कम उम्र में प्यार और शादी

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने कहा-सरकार दो सप्ताह में पेश करे इस संबंध में ठोस प्रस्ताव

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कम उम्र में प्यार और फिर शादी जैसे मामलों को समाज के लिए उपयोगी नहीं बताते हुए बुधवार को इस विषय पर प्रदेश सरकार को जन जागरण अभियान चलाने को कहा है। साथ ही, महिला सशक्तीकरण और बाल विकास विभाग को दो सप्ताह में ठोस प्रस्ताव पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने शालिनी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार मामले में इस प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। इस मामले में सुरक्षा के लिए अदालत पहुंचा प्रेमी जोड़ा 19 साल का है। सुरक्षा के लिए अदालत पहुंची शालिनी अपने प्रेमी के साथ उसके घर में रह रही है। कम उम्र की बाधा शादी में आड़े आ रही है। दोनों ने परिजनों से सुरक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अदालत के समक्ष कम उम्र में प्यार और उसके बाद शादी के अनेक मामले आ रहे हैं। ऐसे अधिकांश मामले 13 से 19 साल के युवक और युवतियों के हैं। परिजन ऐसे रिश्ते से खुश नहीं होते हैं और इसके बाद नव जोड़ा परिजनों से सुरक्षा को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाता है।

अदालत के निर्देश पर बुधवार को महिला सशक्तीकरण और बाल विकास सचिव चंद्रेश कुमार अदालत में पेश हुए। अदालत ने समाज में बढ़ रहे इस रवैये को अच्छा नहीं बताया। यह भी कहा कि कच्ची उम्र में शादी और मां बनना अच्छा नहीं है। अदालत ने कहा कि यौन शोषण अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) मामले में भी सामने आ रहे हैं। कई मामलों में अभिभावक अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं।



### स्कूलों-कॉलेजों के पास चलाएं अभियान

खंडपीठ ने सरकार को इन मामलों में स्कूलों, इंटर कालेजों के अलावा बस्तियों में जन जागरण अभियान चलाने को कहा है। अदालत ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों में युवक युवतियों को जन जागृति पैदा करे। इसके लिए विज्ञापन जारी करे। यही नहीं, अदालत ने पॉक्सो जैसे मामले में भी जन जागरण अभियान तथा युवाओं को अपराध और उसका कानूनी पक्ष समझाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने शिक्षा विभाग और जिलास्तरीय विधिक सेवा प्राधिकरण को इस अभियान में शामिल करने को कहा है। साथ ही, सचिव से दो सप्ताह में इस संबंध में कोर्ट में ठोस मॉडल पेश करने को कहा है।

## उत्तराखंड में हर जिले में खोले जाएंगे गुरुकुल विद्यालय

**देहरादून, अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जनपदों में संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत गुरुकुल पद्धति के विद्यालय स्थापित होंगे। इसके लिए संस्कृत विभाग ठोस प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालयों की तरह ही दूरस्थ क्षेत्रों में संस्कृत विद्यालय स्थापित होंगे। संस्कृत महाविद्यालयों के सही वर्गीकरण को अधिनियम-2023 में संशोधन किया जाएगा।

संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को बैठक में विभागीय अधिकारियों को संस्कृत शिक्षा से जुड़े विद्यालयों एवं महाविद्यालयों शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# कांवड़ भक्तों का ट्रक पलटा, तीन की मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- बुलंदशहर के 21 लोग ऋषिकेश से हर्षिल जा रहे थे भंडारा करने

**अमृत विचार :** टिहरी गढ़वाल जनपद में बड़ा हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से कांवड़ भक्तों को लेकर आ रहा एक ट्रक ब्रेक फेल होने पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रक में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 19 घायल हो गए। 16 घायलों को नरेंद्र नगर अस्पताल और 3 को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। सभी लोग भंडारा करने के लिए ऋषिकेष से हर्षिल जा रहे थे।

टिहरी गढ़वाल के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न एक ट्रक फकोट से आगे ताछला के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में सवार 22 लोग हर्षिल (उत्तरकाशी) की तरफ कांवड़ भंडारा के लिए जा रहे थे।

ये सभी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सैनियों की बड़ी चौपाल, मोहल्ला कास्तवाडा, सिकंदराबाद के रहने वाले हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक के केबिन में फंसे चार साल के एक बच्चे नकुल को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया।

एसपी ने बताया कि हादसे में विक्की पुत्र महेंद्र, सुनील सैनी पुत्र मिल चंद और संजय की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि ईश्वर सैनी, अतर सिंह, रवि, कुलदीप, झम्मन सिंह, बनवारी, मुकेश, प्रेम सिंह, जुगनू और तुषार प्रजापति, भजन लाल, लेखराज, टिंकू, मूलचंद, राहुल, बिशन, नकुल और विनीत को अस्पताल ले जाया गया।


दुर्घटना में घायल कांवड़िया।

# ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड से बढ़ेगा उत्पादन

## योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक दूरगामी योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा।

पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि संभावित है।

- गोबर-गोमूत्र व जीवामृत का व्यापक स्तर पर होगा उपयोग



इस कवायद में गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द शुरू किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा।

### राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### ओबीसी युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पिछड़े वर्ग के युवाओं को नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। युवाओं को 'ओ लेवल' व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं।

# देशभर में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में राजधानी समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल हुए। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी प्रांतों के अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी प्रदर्शन में शामिल हुए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश समेत हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा व हिसार में विरोध-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश में और कई प्रांतों में बिजली कर्मचारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों और कई उपभोक्ता संगठनों ने संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन में हिस्सा लिया।





निजीकरण के विरोध में राजधानी लखनऊ में रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

- किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी प्रदर्शन में हुए शामिल
- 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

प्रदेश में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव, अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### भ्रामक आंकड़े देकर किया जा रहा निजीकरण

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। प्रदेश के बिजली कर्मी बीते 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर राज्य सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की।


### बिना बिजली खरीद के हो रहा निजी कंपनियों को भुगतान

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपये का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उप्र. में सरकारी विभागों पर 14,400 करोड़ रुपये का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र. पावर कॉरपोरेशन व शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है।

# निजी घरानों को 3500 करोड़ का लाभ देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने लगाया आरोप



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजी घरानों को 3500 करोड़ का लाभ देने की तैयारी की है। राज्य विद्युत नियामक आयोग में अभिमत के दाखिल किये गये प्रस्ताव में कॉरपोरेशन ने बिजली कंपनियों को बेचने के लिए कम रिजर्व बिड प्राइस रखी है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियामक आयोग ने विद्युत नियामक आयोग ने निजीकरण के मसौदे पर सबसे बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने राज्य सरकार से ज्यादा सम्पत्ति की बिजली कंपनियों को कम सम्पत्ति बताकर उसे विक्रय करने के प्रस्ताव प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगमों के 42 जिलों को तोड़कर बनने वाली पांच नई बिजली कंपनियों की कुल मिनिमम रिजर्व बिड प्राइस लगभग 6500 से 6800 करोड़ आकी गई, जबकि वास्तव में प्राइस 10,000 करोड़ की है।

# सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले। यह फैसला गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसला वापस नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है, यह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी व गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। उन्होंने रेलवे टिकट महंगे करने और बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश लोग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व कमाई घटने से परेशान हैं। ऐसे में रेल का किराया बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। यह संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक सोच वाला फैसला ज्यादा लगता है।

# विकास निधि का ट्री-गार्ड में प्रयोग करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वन राज्यमंत्री ने की वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि का एक प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे पौधरोपण के लिए प्रयोग करें। कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की आधारशिला को जोड़ा है।

वन मंत्री ने बुधवार को वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में 35 करोड़ पौधों के रोपण को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, प्रदेश में गत वर्षों में संपन्न वृक्षारोपण से लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। डॉ.अरूण सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रदेश का पौधरोपण लक्ष्य 35 करोड़ है, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों का लक्ष्य 22.4 करोड़ है।

# जातिगत जनगणना वंचित समुदायों की स्थिति उजागर करेगी : अनुप्रिया

## डॉ.सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना का सपना डॉ.सोने लाल पटेल ने देखा था, इसलिए अपना दल ने अपनी स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी और उन वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी, जो विकास की रोशनी से वंचित हैं।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करतीं अपना दल-एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

अनुप्रिया पटेल चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। अपना दल ने डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा।

राज्य सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल किसी भी षड्यंत्र से डरने वाले नहीं है, हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।


## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतें
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -19 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**मिथुन:** आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क:** आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**सिंह:** आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**कन्या:** आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।

**तुला:** आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।

**धनु:** आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।

**मकर:** आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।

**कुंभ:** आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।

**मीन:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

## सुडोकू-27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

### सुडोकू - 26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति शृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति शृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।



अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

### अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाला इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

### क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।



● अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

## धोखाधड़ी रोकने को दूरसंचार विभाग की प्रौद्योगिकी का उपयोग करें बैंक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने को कहा है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह कहा गया। दूरसंचार विभाग की यह प्रौद्योगिकी वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक उपकरण है। बैंक और वित्तीय संस्थान वास्तविक समय में वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) का उपयोग कर सकते हैं। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मध्यम, उच्च या बहुत उच्च जोखिम के साथ उनके जुड़ाव के आधार पर मोबाइल नंबर को वर्गीकृत करता है। आंकड़े विभिन्न स्रोतों से एकत्र किये जाते हैं। इसमें भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी), दूरसंचार विभाग के चक्षु मंच और बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी शामिल है। बयान में कहा गया, दूरसंचार विभाग 30 जून, 2025 को जारी रिजर्व बैंक की सलाह का स्वागत करता है।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

**मुंबई, एजेंसी**

व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।



### 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

## 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

**नई दिल्ली, एजेंसी**


प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है। इस मामले में छानबीन जारी है।

### साइबर धोखाधड़ी में जामताड़ा से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है।



#### दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज हुआ था मामला

दिल्ली के पालम निवासी केसी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588.82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे।

# मंडी में बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल प्रदेश में बारिश से हर तरफ तबाही, 34 की तलाश जारी

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया।



### देश में 11 नदी चेतावनी स्तर के पार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

## दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे।

# पत्नी और बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, उन्हें सम्मान से वंचित करना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को अंतरिम भरण-पोषण आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है। एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं।




● दिल्ली हाईकोर्ट ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी

### भरण-पोषण कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम व महेश को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा।

# केंद्र ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया, प्रति व्यक्ति कर्ज बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।



● कांग्रेस नेता जयराम बोले- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

## एयर इंडिया के पायलटों ने सिम्युलेटर में बनाए हादसे से हालात, उड़ता रहा विमान

**मुंबई।** एयर इंडिया के वरिष्ठ पायलट के एक समूह ने अहमदाबाद विमान हादसे के बाद सिम्युलेटर पर कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां फिर से बनाकर उड़ान परीक्षण किया जिसमें बोइंग 787-8 विमान उड़ान भरता रहा। सूत्रों ने कहा कि यह परीक्षण एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान बेड़े के प्रशिक्षकों द्वारा अहमदाबाद में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ दिन के भीतर एयरलाइन के मुंबई परिसर में एक सिम्युलेटर प्रशिक्षण सत्र के दौरान स्वतंत्र रूप से किया गया था। इस बारे में संपर्क किए जाने पर एयर इंडिया ने कहा कि पायलट ने अपने स्तर पर सिम्युलेटर परीक्षण किए और इसमें एयरलाइन की कोई भूमिका नहीं थी।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।



● नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

## अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

**चंडीगढ़, एजेंसी**

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका व परमबंस को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए।



● पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने मोहाली पहुंचे थे

## एक नजर

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था।

### महिला एशियाई कप : भारत ने इराक को 5-0 से हराया

**चियांग माइ (थाईलैंड)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को इराक को 5-0 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने पहले हाफ में 2-0 से बढ़त बनाई हुई थी। पहले हाफ में भारतीय टीम के लिए संगिता बसफोर और मनीषा ने गोल दागे। फिर दूसरे हाफ में कार्तिका अंगामुथु, फानजोबाम निर्मला देवी और नोंगमाईथेम रतनबाला देवी ने गोल कर टीम को जीत दिलाई। भारतीय टीम के तीन मैच में 22 गोल हो गए हैं और टीम ने एक भी गोल नहीं गंवाया है। इस तरह टीम को अभी तक एक भी मैच में हार नहीं मिली है और ग्रुप बी में भारत नौ अंक और +22 के गोल अंतर से शीर्ष पर बैठा है।

# गिल के शतक से भारत के पांच विकेट पर 310 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : जायसवाल शतक से चूके, केएल राहुल और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट



114 रन
216 गेंद
12 चौके
शुभमन गिल

**भारत-इंग्लैड टेस्ट श्रृंखला**

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 310 रन बना लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को 500 रन का स्कोर बनाना होगा।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए।

गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया। कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप फिर बाहर हैं। पहले मैच में 20 विकेट लेने में नाकाम रहने के बाद कुलदीप को टीम से बाहर रखने के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं।



50 रन पूरा करने पर जश्न मनाते भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल।

**भारत पहली पारी**

**310/5** (85 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| केएल राहुल बो वोक्स | 02 |
| करूण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल नाबाद | 114* |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 41* |

**अतिरिक्त :** 9 रन, **गेंदबाजी :** वोक्स 21-6-59-2, कार्स 16-2-49-1, टंग 13-0-66-0, स्टोक्स 15-0-58-1, बशीर 19-0-65-1, रूट 1-0-8-0

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज के लिए अधिक प्रयास की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच ने दर्ज की जीत, गॉफ-ज्वेरेव बाहर



**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है।

### सबालेंका तीसरे दौर में

नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका दूसरे दौर का पहला सेट गंवाने से दो अंक के फासले पर थी, लेकिन उन्होंने मैरी बूजकोवा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

### युकी-गैलोवे की जोड़ी दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी व उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना व बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से सीधे सेट में हारकर बाहर हो गई। वहीं भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी व उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# भारत ने इंग्लैंड को 24 रन से हराया

- अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने जड़ा अर्धशतक

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

**दुबई, एजेंसी**

**आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा**

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।

वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, आयुष हारे

**कैलगरी, एजेंसी**

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**



किदाम्बी श्रीकांत

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारतीय युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# अलकायदा से जुड़े संगठन ने 3 भारतीयों का अपहरण किया

- हथियारबंद हमलावरों ने माली के कायेस में की वारदात

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के कायेस में डायमंड सीमेंट फैक्ट्री से तीन भारतीय नागरिकों का अलकायदा से जुड़े आतंकी संगठन जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने अपहरण कर लिया है। तीनों अपहृत इस फैक्ट्री में काम करते थे। भारत सरकार ने अपहरण पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वह तीनों भारतीयों की सुरक्षित और जल्द रिहाई के लिए काम कर रही है।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह घटना मंगलवार को हुई जब हथियारबंद हमलावरों के एक समूह ने फैक्ट्री परिसर में हमला कर तीन भारतीय नागरिकों को जबरन बंधक बना लिया। भारत सरकार को पता चला है कि पश्चिमी और मध्य माली के कई स्थानों पर कई सैन्य तथा सरकारी प्रतिष्ठानों पर एक जुलाई को आतंकवादियों ने हमला किया था।

बामाको में भारतीय दूतावास माली सरकार के संबंधित अधिकारियों, स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और डायमंड सीमेंट फैक्ट्री के प्रबंधन के साथ लगातार संपर्क में है। भारतीय मिशन अपहृत भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्यों के संपर्क में भी है। भारत सरकार ने माली सरकार से अपहृत भारतीय नागरिकों की सुरक्षित और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया है।

# पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है।

मस्क ने हाल ही में सीनेट में पारित वन बिग ब्यूटीफुल बिल को पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे,भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा,जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफेरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में देर शाम 7:45 बजे तलाश और घेराबंदी अभियान शुरू किया। इस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों को मार गिराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं।

### पाकिस्तान में विस्फोट, चार सरकारी अफसर मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे शी

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी


## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई,जबकि कई घायल हो गए।

बयान में कहा गया, हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं। संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।


क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

### समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। कहा, हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। इनमें अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

### जयशंकर ने अमेरिका के तीन शीर्ष मंत्रियों के साथ बातचीत की

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के बीच वार्ता के दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। जयशंकर ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता भी की। ये बैठकें मंगलवार को 'क्वाड' समूह के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन से इतर हुईं। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद, जयशंकर और रुबियो की यह पहली बैठक थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार, सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, संपर्क और ऊर्जा सहित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर दृष्टिकोण साझा किए।

# पांच देशों की यात्रा पर निकले मोदी घाना पहुंचे, जोरदार स्वागत


परंपरागत ढंग से किया मोदी का स्वागत।

**अक्करा (घाना)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे, जहां वह पश्चिम अफ्रीकी देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे और मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे।

घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी की हवाई अड्डे पर अगवानी की, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही, यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा द्वारा स्वागत किए जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना से मोदी तीन से चार जुलाई तक त्रिनिदाद और टोबैगो की करेंगे। तीसरे चरण में मोदी चार से पांच जुलाई तक अर्जेंटीना का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार,ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार


**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन,विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# गोपनीयता कानून भंग करने पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के 20 से अधिक राज्यों ने लाखों लोगों का मेडिकेड डेटा निर्वासन अधिकारियों को सौंपकर संघीय गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने बताया कि कैलिफोर्निया और 19 अन्य राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के सलाहकारों ने कैलिफोर्निया, इलिनोइस एवं वाशिंगटन के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी समेत विभिन्न डेटा को गृह विभाग के साथ पिछले महीने साझा किया था। ये डेटा और निजी स्वास्थ्य जानकारी को ऐसे समय में साझा किया गया जब निर्वासन अधिकारियों ने प्रवर्तन के प्रयासों को तेज कर दिया।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश


धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# अगली सुबह 5 से 2 बजे तक की ट्रेनों का आरक्षण चार्ट रात 9 बजे

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेलवे बोर्ड ने जारी किए निर्देश कार्यान्वयन की तिथि तय नहीं

रेलवे अगले दिन सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए रात नौ बजे तक आरक्षण चार्ट तैयार करेगा, जबकि बाकी ट्रेनों के लिए यह आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

वर्ष 2015 से पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के निर्धारित समय से चार घंटे पहले तैयार किया जाता रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा के लिए नियम में बदलाव किया गया है। रेलवे बोर्ड ने दो जुलाई को सभी जोन को निर्देश दिया, सुबह पांच से दोपहर दो बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे तक तैयार किया जाएगा।

दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा। परिपत्र में सभी जोन को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया, लेकिन इसके कार्यान्वयन की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है, न ही दूसरे आरक्षण चार्ट को तैयार करने में किसी बदलाव का उल्लेख किया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले चार्ट तैयार होने के बाद, यदि सीट खाली रह जाती है, तो यात्री इन्हें ट्रेन के रवाना होने से ठीक पहले बुकिंग सुविधा के तहत आरक्षित करा सकते हैं।

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।

**विवाद** कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली,एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।

मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।




### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।